दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क


वर्ष: 3 | अंक: 91 जयपुर, रविवार, 10 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया 13,700 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला टनल का उद्घाटन

# दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे बड़ी सुरंग राष्ट्र को समर्पित



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में 'सेला टनल' राष्ट्र को समर्पित की। ये दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी डबल-लेन टनल है। 13 हजार 700 फीट की ऊंचाई पर बनी ये सुरंग रणनीतिक लिहाज से काफी अहम है। ये सुरंग असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर बनाई गई है इसे बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने बनाया है। सेला सुरंग की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2019 में रखी थी। शनिवार को इसका उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि पूर्वोत्तर में और भी सुरंगों का निर्माण कार्य चल रहा है। ये सुरंग अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चारिदुआर-तवांग रोड पर सेला दर्रे के पार तवांग तक सभी मौसम में कनेक्टिविटी देगी।*

### टनल की यह है खासियत

इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ रुपए में हुआ है। इस प्रोजेक्ट के तहत दो सुरंगें बनाई गई हैं। इन दोनों को आपस में जोड़ने के लिए सड़क बनी है। कुल मिलाकर सुरंग और सड़कों को मिलाकर ये 12 किलोमीटर लंबी है। इनमें पहली सिंगल-ट्यूब टनल है, जो 980 मीटर लंबी है... जबकि, दूसरी डबल-ट्यूब टनल है, जो 1.5 किलोमीटर लंबी है।

## जरूरी खबर

### EC अरुण गोयल का इस्तीफा, किया राष्ट्रपति ने मंजूर



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मियों के बीच चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है। सरकार ने एक अधिसूचना से इसकी जानकारी दी गई है। अरुण गोयल का इस्तीफा तब सामने आया है, जब हाल ही में लोकसभा चुनाव होने हैं। हालांकि उनके इस्तीफे की वजह अभी सामने नहीं आई है। अरुण गोयल के इस कदम के बाद अब चुनाव आयोग में दो रिक्तियां हो गई हैं। 1985 बैच के आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने 21 नवंबर, 2022 को चुनाव आयुक्त का प्रभार ग्रहण किया था।

### मिस वर्ल्ड बनीं क्रिस्टीना



**मुंबई।** चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिस्जकोवा बनीं 71वीं मिस वर्ल्ड।

## IND vs ENG: *अंग्रेजों की सभी रणनीतियां टीम इंडिया के समक्ष हुईं ध्वस्त... वह पूरी तरह पस्त*

- टीम इंडिया ने इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से रौंदा

# भारत ने रचा 112 साल बाद इतिहास

- भारत में बुरी तरह फेल हो गया बैजबॉल का फॉर्मूला
- स्टोक्स ने बताई हार की बड़ी वजह

**एजेंसी**। धर्मशाला

यहां क्रिकेट टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को इनिंग और 64 रनों से रौंद डाला। इस तरह टीम इंडिया ने 5 टेस्ट मैचों की 4-1 से जीती। हालांकि, इस सीरीज का आगाज इंग्लैंड ने धमाकेदार अंदाज में किया। पहले टेस्ट में अंग्रेजों ने भारत को हरा दिया, लेकिन इसके बाद लगातार चार टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को आसानी से परास्त कर दिया। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले इंग्लैंड के बैजबॉल स्टाइल की खूब बात हुई, लेकिन भारत के खिलाफ बैजबॉल कैसे फ्लॉप हो गया?



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स रोते हुए।

ट्रॉफी के साथ कप्तान रोहित शर्मा

**घर में जबरदस्त बादशाहत**

भारत की घर में बादशाहत का आलम है कि 2012 में आखिरी बार घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज गंवाई थी। तब इंग्लैंड ने 2-1 से हराया था। इसके बाद से टीम लगातार 17 टेस्ट सीरीज जीत का इतिहास रच चुकी है। घर में पिछले 51 टेस्ट मैचों में भारत को सिर्फ 4 में हार का सामना करना पड़ा है।

### यह बोले स्टोक्स...

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि बेहतर टीम ने हमें आसानी से हरा दिया। आगामी दिनों में हम बहुत क्रिकेट खेलने वाले हैं, लिहाजा उस पर हमारा फोकस है। अगर आप भारत के खिलाफ सीरीज पर नजर डालें तो पाएंगे कि हमें कई मौके मिले, लेकिन भुनाने में नाकाम रहे। भारतीय खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया। हालांकि, अंग्रेज कप्तान ने अपने ओपनर जैक क्राउली और बेन डकेट की तारीफ की।

### 'जेम्स एंडरसन के साथ खेलना शानदार अनुभव...'

बेन स्टोक्स ने कहा कि ओपनर के अलावा हमारे स्पिनर शोएब बशीर और टॉम हॉर्टली ने बेहतरीन खेल दिखाया। इस सीरीज के आखिरी टेस्ट में जो रूट ने रन बनाए। यह हमारे लिए अच्छी खबर है। इसके अलावा उन्होंने जेम्स एंडरसन को लेकर कहा कि जिम्मी के साथ खेलना शानदार अनुभव है। तेज गेंदबाज के लिए 700 टेस्ट विकेट वाकई काबिलेतारीफ हैं। जिम्मी एंडरसन सबसे फिट क्रिकेटर हैं। पांचवें टेस्ट में बेन स्टोक्स पहली पारी में जीरो, जबकि दूसरी पारी में 2 रन ही बना सके।

### टीम इंडिया ने की इस रिकॉर्ड की बराबरी

धर्मशाला टेस्ट जीतते ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की बराबरी की है। दरअसल, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला टेस्ट हारने के बाद अब तक तीन ही टीमों ने वापसी कर शेष चार टेस्ट जीते हैं। अब तक ऐसा चार बार हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने दो बार और इंग्लैंड-भारत ने एक-एक बार किया है। पिछली बार ऐसा 112 साल पहले 1912 में इंग्लिश टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह कारनामा अंजाम दिया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा साल 1897-98 और 1901-02 में किया था।

### 112 साल में ऐसा पहली बार हुआ

अब भारत ने इन दोनों टीमों की बराबरी की है। टीम इंडिया पिछले 112 वर्षों में ऐसी पहली टीम बन गई है, जिसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज के बाकी बचे चार टेस्ट जीते। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने जबरदस्त वापसी करते हुए विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से, राजकोट में तीसरा टेस्ट 434 रन से और फिर रांची में चौथा टेस्ट पांच विकेट से अपने नाम किया। धर्मशाला टेस्ट को टीम इंडिया ने तीन दिन में ही खत्म कर दिया।

## प्रदेश के पेट्रोल डीलर्स की तीन दिन की हड़ताल

# आज से 48 घंटे पेट्रोल पंप बंद

**रविवार सुबह 6 बजे से 48 घंटे की स्ट्राइक, करेंगे सचिवालय का घेराव**

- प्रदेश के करीब 5800 पेट्रोल पंप में से 4000 हड़ताल में शामिल



@ मानसरोवर -फोटो राजेश कुमावत

*जयपुर। पेट्रोल डीलर्स की रविवार से शुरू हो रही हड़ताल के कारण शनिवार शाम लगी कतार से रोड जाम।*

**बेधड़क**। जयपुर

प्रदेश में जनता को रविवार से मंगलवार सुबह तक पेट्रोल-डीजल-सीएनजी आदि की किल्लत उठानी पड़ सकती है। दरअसल, वैट कम करने और डीलर्स कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य के पेट्रोल डीलर रविवार सुबह 6 बजे से 12 मार्च सुबह 6 बजे तक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान 48 घंटे तक प्रदेशभर के पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि सरकार लंबे वक्त से वैट में कटौती और डीलर्स के कमीशन में भी बढ़ोतरी नहीं कर रही है।

ऐसे में प्रदेशभर के पेट्रोल और डीजल पंप संचालकों ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। राज्य में बढ़े हुए वैट की वजह से पेट्रोल पंप संचालकों को लगातार घाटा हो रहा है। हम लंबे वक्त से सरकार से वैट कम करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पड़ोसी राज्यों में राजस्थान के मुकाबले काफी सस्ता पेट्रोल बिक रहा है।

### ये पंप खुलेंगे रहेंगे

हिंदुस्तान पेट्रोलियम के विद्याधर नगर और दौलतपुरा-चंदवाजी रोड, इंडियन ऑयल के जैकब रोड व मानसरोवर तिब्बती मार्केट तथा भारत पेट्रोलियम के सेंट्रल जेल के सामने एवं सहकार मार्ग, 22 गोदाम सर्किल, जगतपुरा और सीतापुरा वाले पंप खुले रहेंगे।

### राजस्थान में सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल

देश में सबसे महंगा पेट्रोल श्रीगंगानगर में 113.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल 98.07 रुपए प्रति लीटर है। इसके बाद महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 109.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.66 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए प्रति लीटर और डीजल का भाव 79.74 रुपए प्रति लीटर है, जो देश में सबसे कम है।

## खेलते-खेलते गिरा... फिर उठा ही नहीं

# दूसरी कक्षा के बच्चे की हार्ट अटैक से मौत!



**एजेंसी**। नई दिल्ली

यूपी के फिरोजाबाद में दूसरी कक्षा के छात्र की स्कूल में खेलते वक्त अचानक मौत हो गई। वह दौड़ते हुए अचानक गिरा। साथी बच्चों ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठ सका। उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बच्चे के घर में कोहराम मचा हुआ है। बता दें थाना दक्षिण के हिमायुंपुर का चंद्रकांत (8)दूसरी कक्षा में पढ रहा था। वह अपने घर के निकट स्थित हंस वाहिनी स्कूल में पढ़ता था। बीते शनिवार स्कूल में 12 बजे लंच हुआ उसी दौरान बच्चों के साथ कक्षा के बाहर खेल रहा था। फुटेज में दिखा कि तमाम बच्चे खेल रहे हैं। तभी चंद्रकांत दौड़ता आता है और गिर पड़ता है। अन्य बच्चे चंद्रकांत को उठाते हैं, लेकिन वो नहीं उठा। इस घटना से स्कूल में हड़कंप मच गया।

**RCA कार्यकारी समिति का फैसला**

# खींवसर के पुत्र धनंजय बने RCA के कार्यवाहक अध्यक्ष

- नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह के पुत्र धनंजय
- वैभव का इस्तीफा स्वीकार करने के साथ ही बनी सहमति
- एसोसिएशन के चुनाव कराने की तैयारी, तिथि की घोषणा संभवत: अगले हफ्ते

**बेधड़क**। जयपुर

मानसरोवर स्थित केएल सैनी स्टेडियम में आरसीए की कार्यकारी समिति की बैठक में इस पर सहमति बनी। हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे और नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

इस मीटिंग में वैभव गहलोत का त्याग पत्र मंजूर करने के साथ ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के नए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर चर्चा की गई थी। इसके बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के मुकाबले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में करने की मांग की गई है।





### वैभव के अच्छे सुझाव जरूर लागू करेंगे

धनंजय सिंह खींवसर ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों और खेल का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। आरसीए में अब तक जो भी हुआ, उस पर मैं कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि मुझे कार्यवाहक अध्यक्ष बने कुछ ही मिनट हुए हैं। जानकारी करने के बाद ही मैं अपना पक्ष रख सकूंगा। मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि वैभव गहलोत भी 4 साल तक आरसीए के अध्यक्ष रहे हैं। अगर क्रिकेट को लेकर उनका भी कोई अच्छा सुझाव हो तो वह मुझे दे, हम उसे जरूर लागू करेंगे। सिंह ने कहा कि आरसीए की देखरेख में आईपीएल मैचों का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ ही राजस्थान सरकार से भी बात करूंगा।

### अब होगी चुनाव कराने की तैयारी

धनंजय के राजस्थान क्रिकेट संघ का कार्यवाहक अध्यक्ष बनने के बाद अब जल्द ही आरसीए के चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संभवत: अगले हफ्ते चुनाव कार्यक्रम का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। इसके बाद 21 दिनों की चुनाव प्रक्रिया होगी, जिसमें वोटर लिस्ट जारी होने के साथ ही नामांकन, नाम वापसी, जैसी प्रक्रिया शामिल रहेगी। इसमें अध्यक्ष पद के साथ ही कुछ और पदों पर भी अब सत्ता परिवर्तन के मुताबिक पुरानों की जगह चेहरे चुनावी मैदान में आ सकते हैं।

# होली से पहले कर्मचारियों के डीए में 4% डीए वृद्धि!

**बेधड़क**। जयपुर

केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों-पेंशनरों का 4 फीसदी महंगाई भत्ता 4% बढ़ाए जाने के बाद अब राजस्थान में भी डीए की दरों में संशोधन करने की तैयारी है। खबर है कि लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान के कर्मचारियों-पेंशनरों को बड़ा तोहफा मिल सकता है। राजस्थान की भजनलाल सरकार 4% डीए बढ़ा सकती है, जिसके बाद DA 46% से बढ़कर 50% हो जाएगा।

दरअसल, हर साल केन्द्र सरकार द्वारा डीए बढ़ाए जाने के बाद राजस्थान UP में भी नई दरों का ऐलान कर दिया जाता है। इसी क्रम में अब लोकसभा चुनाव और होली से पहले राजस्थान सरकार ने भी कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए 4% बढ़ाने की तैयारी में है, इसके लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया है, जिसे जल्द ही कैबिनेट में लाकर मंजूरी दी जा सकती है।



जरूरी खबर

## मुख्यमंत्री शर्मा ने कांस्टेबल को दी श्रद्धांजलि



**बेधड़क.जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सिरोही के स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के लौटाना गांव में महाशिवरात्रि पर्व पर हुई वारदात में पुलिस कांस्टेबल निरंजन सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। मुख्यमंत्री ने कांस्टेबल निरंजन के एक आश्रित को सरकारी नौकरी सहित परिवार को कुल 1 करोड़ 35 लाख रुपए के परिलाभ प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान जान गंवाने वाले कांस्टेबल निरंजन सिंह को नमन किया।

## कांग्रेस के कई नेता आज कर सकते हैं भाजपा जॉइन!

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगने वाला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कैबिनेट मंत्री, विधायक और पूर्व विधायकों सहित कुछ अन्य नेता भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। रविवार को सुबह 11 बजे बीजेपी मुख्यालय में प्रदेश के कई दिग्गज नेता बीजेपी की सदस्यता लेंगे। जानकारी के मुताबिक बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व विधायक विजयपाल मिर्धा, कद्दावर नेता रिछपाल मिर्धा, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल सहित कई नामों की चर्चा है।

## गरीब साहेब की जयंती पर हुई व्याख्यान माला



**बेधड़क.जयपुर।** झालाना स्थित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में शनिवार को समाज सुधारक गरीब साहेब के जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सुधारक गरीब साहेब के संघर्ष एवं जीवन-दर्शन पर सोसायटी के महासचिव जी.एल. वर्मा, राम किशोर राय, शिव शंकर छत्रपति, एच.आर. परमार, बंशीधर रांगेरा आदि ने जीवन प्रसंग पर अपने विचार रखें। गौरतलब है कि इनका जन्म 09 मार्च 1913 को जयपुर ग्रामीण में भोजपुरा कलां में हुआ। इन्होंने समाज के एक बड़े वर्ग को बंधुआ मजदूरी से मुक्ति दिलाई, बाल विवाह एवं मृत्यु भोज जैसी अन्य कुरूतियों को दूर करने में अहम् भूमिका निभाई।

### थर्मल एवं अक्षय ऊर्जा से 31 हजार 825 मेगावाट बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाएं होंगी स्थापित

# ऊर्जा उत्पादन के लिए आज 1.60 लाख करोड़ के होंगे MOU

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भाजपा सरकार ऊर्जा उत्पादन को नई गति देने के लिए रविवार को राज्य की 3 विद्युत निगमों एवं 6 केन्द्रीय उपक्रमों के उच्च अधिकारियों के 1.60 लाख करोड़ का पावर परचेज एग्रीमेंट साइन करेगी।

प्रदेश में ऊर्जा प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं थर्मल व अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य विभिन्न एमओयू किए जाएंगे। राज्य में 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाओं



सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपए का निवेश किए जाएंगे। इन समझौतों के तहत 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साथ कोल इंडिया लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम तथा एनएलसी इंडिया के मध्य एमओयू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा आधारित 28 हजार 500 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए आरवीयूएन तथा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के बीच एमओयू होगा। ये नई परियोजनाएं संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित की जाएंगी तथा इन पर 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### RUVNL और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन में समझौता

इसी प्रकार राज्य में विद्युत प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम (RUVNL) और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश का समझौता होगा। साथ ही, 600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बिजली की आपूर्ति के लिए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) भी किया जाएगा। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा छबड़ा तापीय विद्युत परियोजना में 1600 मेगावाट कोयला आधारित परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ तथा 25000 मेगावाट सौर/पवन परियोजना के लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया जाएगा। साथ ही, कोल इंडिया लिमिटेड के साथ 1600 मेगावाट पिट हेड कोयला आधारित परियोजना, 2250 मेगावाट सोलर परियोजना, 200 मेगावाट पन-विद्युत पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट एवं 50 मेगावाट विंड परियोजना सहित कुल 4100 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए भी आरवीयूएनएल एमओयू करेगा। वहीं 125 मेगावाट की पिट हेड लिग्नाइट आधारित परियोजना एवं 1000 मेगावाट सौर परियोजना के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड के साथ भी एमओयू किया जाएगा।

### उत्पादन के लिए निवेश की खुली राह

इन संयुक्त उद्यमों में एनटीपीसी 1 लाख 16 हजार करोड़ रुपए, कोल इंडिया 26 हजार 700 करोड़ रुपए, एनएलसी 5 हजार 50 करोड़ रुपए तथा पावर ग्रिड 10 हजार करोड़ रुपए निवेश करेगा। एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी द्वारा भी 2250 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण

प्रदेश के अवसंरचना क्षेत्र के विकास के लिए राजस्थान सरकार के विभिन्न उपक्रमों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने की दृष्टि से रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) लिमिटेड एवं राज्य सरकार के मध्य भी एमओयू किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आरईसी लिमिटेड राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थाओं और योजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण प्रतिवर्ष उपलब्ध करवाएगा। इस एमओयू से आपणो अग्रणी राजस्थान की परिकल्पना साकार होगी और प्रदेश के अवसंरचना क्षेत्र जैसे बिजली, पानी, सिंचाई, मेट्रो, परिवहन एवं कृषि से सम्बंधित परियोजनाओं में तेजी से वृद्धि होगी जिससे राज्य आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न प्रदेष बनने की ओर अग्रसर होगा।

### चीफ जस्टिस ने समाज में समानता बनाए रखने पर रखे विचार

# लोग आपस में लड़ेंगे तो कैसे तरक्की करेगा देश: सीजेआई

**बेधड़क | जयपुर**

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में शनिवार को न्याय मंत्रालय की ओर से आयोजित हमारा संविधान, हमारा सम्मान कार्यक्रम में भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश में समानता बनाए रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है।

संविधान की भावना के मुताबिक हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि संविधान निर्माताओं की सोच थी कि मानवीय गरिमा का स्थान सबसे ऊपर है। बाबा साहेब अंबेडकर ने सुनिश्चित किया था कि संविधान में न्याय के मूल्य, स्वतंत्रता और समानता के साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा कायम रहे।

सीजेआई ने कहा कि अक्सर मैं देखता हूं कि लोग अपने से जूनियर को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। अपने ड्राइवर से ढंग से बात नहीं करते। लोग सोचते हैं कि ड्राइवर छोटा है। सफाई करने वाले को हीन भावना से देखते है। कोई भी व्यक्ति पद में छोटा हो सकता है, लेकिन उस व्यक्ति की भी उतनी ही ग्jfमा है, जितनी कि हमारी है। सर्वोच्च न्यायालय में एक पोस्ट है- जिसको 1950 से जमादार कहते थे। 75 साल से इन्हें जमादार कहा जा रहा था, अब इनका नाम बदल दिया है। सीजेआई ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान के बीच संबंध है। संविधान की समझ, लोकतंत्र की समझ को भी विकसित करती है। हर शख्स तक संविधान की बात पहुंचाने की जरूरत है। संविधान की भावना को हर नागरिक तक पहुंचाना होगा।

■ संविधान की भावना को हर नागरिक तक पहुंचाने की जरूरत




### ई-कोर्ट फेज थ्री में 7 हजार करोड़ का बजट

चंद्रचूड़ ने कहा कि देश का सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के तिलक नगर में बसा है। ऐसे में ये सुप्रीम कोर्ट ऑफ तिलक नगर नहीं है, ये सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया है तो फिर भारत के हर घर तक पहुंचना चाहिए। राजस्थान हाईकोर्ट भी सिर्फ जयपुर या जोधपुर का नहीं है, पूरे राजस्थान का है। सीजेआई ने बीकानेर में ई-कोर्ट की सुविधा शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बीकानेर में बसे हुए वकील अब बीकानेर से ही पैरवी कर सकेंगे। ई-कोर्ट फेज थ्री में केंद्र सरकार ने सात हजार करोड़ रुपए का बजट दिया है। इसके माध्यम से बीकानेर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा मिलेगी। बीकानेर में बसे हुए वकील भी हाईकोर्ट में अपनी बहस कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया है तो हर गांव-शहर तक पहुंचना चाहिए।

### स्थानीय भाषा में होना चाहिए फैसला

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है, लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए।

### कई आरएएस अधिकारियों को पुरानी जगह लगाया

## पूर्व तबादलों में शामिल 23 अफसरों का फिर ट्रांसफर

**बेधड़क | जयपुर**

सरकार ने शनिवार को फिर दो अलग-अलग आदेश जारी करके 2 आईएएस और 50 आरएएस के तबादले कर दिए। इसमें 2019 बैच के आईएएस ललित गोयल को जिला परिषद सीईओ अजमेर से हटाकर सचिव यूआईटी भीलवाड़ा बनाया है।

वहीं, तबादले सूची में 50 आरएएस की सूची में 23 अधिकारी ऐसे हैं, जिनका ट्रांसफर पिछले महीने और इसी महीने जारी सूचियों में था। उनका फिर से ट्रांसफर किया गया है। वहीं 4 मार्च की सूची में किए गए 5 आरएएस अधिकारियों के ट्रांसफर को निरस्त कर दिया है। दरअसल, आरएएस अधिकारी गोविंद सिंह भीचर, अनूप सिंह, बाबू लाल, संजय गोयल और भवानी सिंह का 4 मार्च को ट्रांसफर किया था। उनको निरस्त किया है। साथ ही आरएएस सूची में कई अधिकारी ऐसे है, जिनके पिछली सूची में नाम थे। उनका फिर पुरानी जगह ट्रांसफर किया है। धारा सिंह मीणा को डिप्टी सेक्रेटरी डीओपी दौसा भेज दिया है। पिछले महीने दिनेश कुमार शर्मा को जिला परिषद सीईओ दौसा से जॉइंट सेक्रेटरी डीओपी लगा दिया गया है।

मो. सलीम खान को डिप्टी सेक्रेटरी डीओपी से डिप्टी रजिस्ट्रार रेवेन्यू बोर्ड अजमेर लगाया है। विमलेंद्र सिंह राणावत को जयपुर जेडीए में उपायुक्त से एसडीओ अरनोद (प्रतापगढ़) लगाया है। हर फूल पंकज को रजिस्ट्रार नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर से रजिस्ट्रार आरयूएचएस लगा दिया। विजेन्द्र मीणा, मूलचंद लूणिया को एसडीओ विराटनगर से हटाकर दौसा एसडीओ लगाया था, लेकिन आज की सूची में इन्हें दौसा से हटाकर किशनगढ़-बास (खैरथल-तिजारा) लगाया है। जगदीश प्रसाद गौड़ को उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण से एडीएम कुचामन सिटी लगाया है। डॉ. अनिल कुमार पालीवाल को डिप्टी सेक्रेटरी हायर एजुकेशन से उप सचिव राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर लगाया है। राजेन्द्र सिंह (द्वितीय) को एडीएम जयपुर से कार्यकारी निदेशक (आरएमएससीएल) जयपुर लगाया है। महिपाल सिंह को परियोजना निदेशक, पीसीपीएनडीटी जयपुर लगाया है। बृजेन्द्र मीणा को यूआईटी सचिव सवाई माधोपुर लगाया है। सुनील कुमार को एसडीओ मकराना लगाया गया है। सुरेश कुमार (प्रथम) को एसडीओ रियाबाड़ी (नागौर) लगाया है। इसी तरह दीपक मित्तल, डॉ. अर्चना व्यास, मनीष कुमार जाटव, नवनीत कुमार (प्रथम), रामजी बाई कालबी, लाखाराम, मिथलेश कुमार, रोहित चौहान, सुरेन्द्र बी. पाटीदार, सविता शर्मा का भी पिछले 15 दिन में दूसरी या तीसरी बार ट्रांसफर किया गया है।

## मोना ने गोल्ड और अवनि ने ब्रॉन्ज जीता

**जयपुर।** दिल्ली के करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में जयपुर की निशानेबाज मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड और अवनि लेखरा ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। मोना अग्रवाल ने पेरिस पैरालम्पिक का कोटा भी हासिल कर लिया है। फाइनल में मोना ने चीन की झांग कुइपिंग को हराकर 250.7 अंक के साथ पहला स्थान पाया। झांग ने 248.8 और अवनि ने 227 अंक बनाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## खबरों में बेधड़क खबर

### टाइगर पर गामा के गंभीर आरोप



राजधानी में रहे एक टाइगर साहब की जांच में खाकी के बड़े अफसर कुंडली मारकर बैठ गए हैं। टाइगर साहब ने बटर लगाकर पॉलिटिक्स के सहारे जिले में पोस्टिंग की कामयाबी तो पा ली, लेकिन साहब के लिए एक जांच सिरदर्द बन सकती है। दरअसल, साहब खाकी में आने के बाद से ही अपने ही अधिनस्थों के साथ गाली-गलौच करने और अभद्र व्यवहार करने के लिए जाने जाते हैं। एक मामले में खुन्नस निकालने के लिए टाइगर साहब ने गामा के साथ अभद्र व्यवहार तो किया ही साथ में गाली-गलौच भी कर डाली। टाइगर की प्रताड़ना गामा को नागावर गुजरी तो गामा ने शहर की कानून व्यवस्था संभाल रहे साहब को लिखित में शिकायत की, लेकिन टाइगर की तत्कालीन विक्टर से नजदीकी के कारण जांच एमआई रोड वाले ऑफिस में केवल अब हिचकोले खा रही है।

### खाकी के संरक्षण में जुआ



वॉल सिटी के एक चर्चित रास्ते में इन दिनों जुआ का कारोबार खाकी के संरक्षण में चल रहा है। गन्या जुआ के अड्डे पर आने वाले प्रति व्यक्ति के हिसाब से खाकी की राशि तय है। प्रतिदिन लाखों रुपए का कारोबार होता है। खाकी में इसकी जानकारी है, लेकिन सेवा शुल्क सभी का तय होने से चौखट पर कोई नहीं जाता है। चर्चा है कि एक गामा साहब तो खाकी का वाहन भी खड़ा करवा देते हैं। ताकि वहां पर किसी प्रकार का कोई वाद-विवाद नहीं हो और वहां पर आने वाले जुआरियों का हिसाब-किताब रख सके। अड्डे पर थाने के साथ में जिले व एमआई रोड की बनी विशेष टीमों में तैनात विशेष महारथियों का सेवा शुल्क तय है। खाकी और जुआरियों के बीच चल रहे इस दोस्ताने की शहर में काफी चर्चा है।

### ब्रेवो को पोल खुलने का डर, एस-प्लान तैयार



खाकी में तैनात एक ब्रेवो साहब पोल खुलने के डर से शहर में दर्ज हुए मामलों में अभी भी रूचि ले रहे हैं। दरअसल, ब्रेवो साहब ने दर्ज प्रकरणों की जांच में मनमाफिक निर्णय किए हैं और अधिनस्थों पर दबाव बनाकर खूब आंख मिचौली का खेल खेला है। चर्चा है कि साहब दर्ज प्रकरण में जिसके पक्ष में निर्णय में किया था, अब उनको खुद अपने पास बुलाकर निर्णयों को यथावत रखने के लिए उनको प्लान बताकर आगे की रूपरेखा तैयार करवा रहे हैं। लोगों से लालकोठी वाले भवन और एमआई रोड वाले खाकी के भवन में अपने पक्ष के लोगों से अपने ही अफसरों और प्रताड़ितों के खिलाफ उलटे-सुलटे परिवाद पेश करवा रहे हैं। चर्चा है कि हाल ही में एक मामले में साहब जिस पक्ष के लिए निर्णय करना चाहते थे, उस पक्ष से कोर्ट से बड़ा निर्णय कराया था। जो खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### लॉयन क्यों लगा रहे लालकोठी के चक्कर?



रेंज की जिम्मेदारी संभाल रहे एक लॉयन साहब इन दिनों खूब लालकोठी वाले सात मंजिला के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में भवन में बैठने वाले हर अफसरों के पास एक ही सवाल है कि लॉयन क्यों चक्कर लगा रहा है? दरअसल, इससे पहले वाली पोस्टिंग के दौरान साहब ने ईमानदारी के नाम का जो दामन थाम रखा था, लेकिन चर्चा है कि हकीकत कुछ और ही थी। ऐसे में खाकी के गलियारों में आवाज छन-छन कर आ रही है कि साहब अब लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में बैठने वाले बड़े अफसरों के पास में पहुंचकर खुद को ईमानदार बताकर अपने अधिनस्थों पर ही गंभीर आरोप लगाकर बदनाम करने की सफाई देते फिर रहे हैं, ताकि साहब अब अपनी छवि को पहले की तरह बड़े अफसरों के नजरों में नाप-तोल की कर सके।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# पेड़ पौधों के रस से असाध्य रोगों का इलाज संभव

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व चिकित्सा मंत्री व मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने शनिवार को श्री अग्रवाल वैश्य समाज समिति ट्रस्ट, गीजगढ़ विहार एवं सेठिया एज्युकेशन एंड रिसर्च सोसायटी के सहयोग से हवा सड़क सोडाला पर श्री अग्रसेन भवन में निशुल्क इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया।

चिकित्सा शिविर में पथरी, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग, लीवर रोग, खून की कमी, पाइल्स, यूटेराईन फाइब्रोइड़, ओवेरियन सिस्ट, एलर्जी आदि के रोगियों



की निशुल्क जांच की गई और मुफ्त दवाएं उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। चिकित्सा शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि कालीचरण सराफ ने कहा कि यह चिकित्सा की सबसे प्राचीन तकनीक है। प्राचीन भारत में इसी तकनीक से वैद्य, साधु महात्मा, घर के बड़े बुजुर्ग अपने अनुभव और ज्ञान से इसी पद्धति से रोगियों का इलाज करते थे। पेड़ पौधों के रस से असाध्य रोगों का इलाज संभव है। इस मौके पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद, जयपुर के अध्यक्ष डॉ. हेमंत सेठिया ने बताया कि अभी तक इस चिकित्सा पद्धति में 144 तरह के पेड़-पौधों और वनस्पतियों के रस से दवाईयों का निर्माण किया जा रहा है। शिविर में दामोदरदास मोदी, सूरजमल गुप्ता, डॉ. एस.डी. गुप्ता (सीए), अशोक मित्तल (बम्बईवाला), कैलाश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, राकेश खोरिया आदि गणमान्य लोगों ने शिरकत कर व्यवस्थाओं में लगे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

### इलेक्ट्रिक झटके का प्रयोग नहीं

इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नवल बगड़िया ने बताया कि नाम से ऐसा लग रहा था कि इस पद्धति में कोई इलेक्ट्रिक झटके या वाइब्रेशन का प्रयोग किया जाता हो। लेकिन इस चिकित्सा शिविर के आयोजन से पता पता चला कि यह पद्धति तो प्राचीन भारतीय ज्ञान से संबंधित है। इस शिविर से जहां अनेक रोगियों को लाभ मिलेगा वहीं इस पद्धति के प्रति लोगों के मन की भ्रांतियां भी दूर होंगी। ट्रस्ट के महामंत्री दिनेश गर्ग ने बताया कि इस शिविर में इलैक्ट्रोपैथ डॉ. हेमंत सेठिया, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. रमेश कुमार सैनी, डॉ. पूजा कसेरा आदि ने मरीजों की निशुल्क जांच की और मुफ्त सलाह दी। गर्ग ने बताया कि मुख्य अतिथि कालीचरण सराफ, इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद, जयपुर के अध्यक्ष डॉ. हेमंत सेठिया व सभी चिकित्सकों का समाज की ओर से मोमेन्टो देकर हार्दिक आभार जताया गया। शिविर में आने वाले सभी रोगियों को 15 दिन से लेकर एक माह तक की मुफ्त दवाईयों का वितरण किया गया।

### शिवदासपुरा थाना का मामला


# सफाईकर्मी की हत्या कर शव को फेंका

**बेधड़क | जयपुर**

शिवदासपुरा थाना इलाके में युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार सिर फोड़कर युवक को मारने के बाद शव को यहां ठिकाने लगाया गया। कंबल से शव को ढक कर हत्यारे फरार हो गए। शिवदासपुरा एसएचओ रणजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कमल (35) पुत्र किशोर जोनवाल निवासी नयापुरा कोटा के रूप में हुई। वह मानसरोवर स्थित एक होटल में सफाई का काम करता था। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि उसके सिर पर भारी वस्तु से वार किया गया है। हाथ-पैर के साथ शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले है। दूसरी जगह मारने के बाद हत्यारे किसी वाहन में शव को यहां फेंककर चले गए। पुलिस नें परिजनों को इतला देकर पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस नें FIR दर्ज कर हत्यारों की तशव शुरू कर दी है। बता दे कि दो दिन पूर्व गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे प्रहलादपुरा रिको एरिया महल रोड के पास सुनसान जगह युवक का शव मिली थी।

## जरूरी खबर

### रात को घर के बाहर बाइक खड़ी की, सुबह गायब



**जयपुर।** आनंद कॉलोनी मानबाग में एक घर से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश ने मास्टर चाबी से लॉक तोड़ा और बाइक चुरा ले गया। वारदातस्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में बाइक चोर की करतूत कैद हो गई। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल ने बताया कि आनंद कॉलोनी मानबाग निवासी मानसिंह (36) की बाइक चोरी हुई है। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे वह घर लौटे थे। घर के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चले गए। पीछे से चोरों ने मास्टर चाबी से लॉक तोड़ा और बाइक चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे बाहर बाइक संभालने गया तो बाइक गायब मिली।

### कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता का परिणाम शीघ्र

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव श्री विजय एन ने बताया कि मंडल द्वारा 5 अक्टूबर 2023 को विधि अधिकारी ग्रेड- 2 के 2 पद, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 59 पद एवं कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता के 53 पदों के लिए भर्ती सहित कुल 114 पदों का विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 9 जनवरी 2024 को किया गया था। विधि अधिकारी ग्रेड-2 एवं कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी का भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी किया चुका है एवं शीघ्र ही कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता के 53 पदों के लिए आयोजित हुई भर्ती परीक्षा का परिणाम भी जारी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी तरीके से पूर्ण की गयी है और सफल अभ्यर्थियों के अंक एवं मेरिट मंडल की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## जन हक धरने में सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स ने उठाई मांग

# मजदूरों-किसानों को भी मिले न्यूनतम मजदूरी की आधी पेंशन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स ने शनिवार को धरने में अपनी बात रखी। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पिछले 3 महीने से नहीं मिलने की शिकायत की। इसी तरह इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में केवल 60 वर्ष तक के ही लोगों को काम मिल सकता है, बाकी को काम नहीं मिल सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय पेंशन परिषद के संयोजक शंकर सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को उनकी तनख्वाह की आधी पेंशन मिलती है, वैसे ही असंगठित क्षेत्र के सभी कामगारों और किसानों को न्यूनतम मजदूरी की आधी पेंशन दी जाए। उन्होंने कहा कि देश के मजदूर और किसान का देश को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए इन्हें भी सरकारी कर्मचारियों की तरह पेंशन दी जाए।



### पेंशनर्स की पेंशन तुरंत चालू की जाए

राजस्थान में लगभग 15 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन अभी तक नहीं हो पाया है जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि उनके डाटा में कोई मिसमैच है, या किसी ने गलत लिख दिया, या किसी कर्मचारी ने उनकी गलत सीडिंग कर दी है। इस मौके पर अरावली मजदूर यूनियन के मंत्री भंवरलाल ने कहा कि विभिन्न तकनीकी एवं अन्य कारणों से लगभग 15 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का सत्यापन नहीं होने से वे दर -दर को भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि यही सामाजिक रूप से सशक्त होते तो इनकी बात अभी तक सुन ली गई होती।

### जवाबदेही सुनिश्चत हो

पत्थर गढ़ाई मजदूर सुरक्षा संघ से जुड़ी चंपा देवी ने कहा कि किसी व्यक्ति ने पेंशन का फॉर्म तो सही भरा था लेकिन फॉर्म से एंट्री करते समय डाटा एंट्री ऑपरेटर ने गलत एंट्री कर दी। ऐसे ही कई आधार गलत सीड होने से लोगों पेंशन रुकी हुई है, जिसका खामियाजा पेंशनर्स को भुगतना पड़ रहा है और सरकार में बैठे लोगों की कोई जवाबदेही नजर नहीं आती है, इसलिए उन्होंने कहा कि जवाबदेही की कोई व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा जब तक जवाबदेही की व्यवस्था नहीं बनेगी लोग इसी तरह भटकते रहेंगे।

### खाद्य सुरक्षा मामलों पर चर्चा आज

रविवार को जन-हक़ धरने में खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मामलों पर बातचीत होगी। इसमें विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा का पोर्टल बंद कर दिया जाता है और अपीलें स्वीकार नहीं की जाती है।

## पारा चढ़ा... मौसम विभाग ने कहा- एक-दो दिन में और बेढ़ेगी गर्मी

# गुलाबी नगरी पर दिनभर धूप रही काबिज, शाम को ठंडक का डेरा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में पिछले चार दिनों से लगातार तापमान में इजाफा हो रहा है। जयपुर में भी शनिवार को मिनिमम तापमान एक डिग्री बढ़कर 15.1 पर दर्ज हुआ। दिनभर आसमान साफ रहने से तेज धूप रही, लेकिन शाम को मौसम में ठंक महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी जयपुर में आसमान साफ रहेगा। अगले एक-दो दिन में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। जयपुर, बाड़मेर, अलवर, बीकानेर, चूरू, पिलानी समेत अधिकांश शहरों में शनिवार को भी न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान आज सीकर के फतेहपुर में 6.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

**बीकानेर, जोधपुर संभाग के 7 जिलों में होगी बारिश!:** मौसम केन्द्र जयपुर ने 12 और 13 मार्च को राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर संभाग के 7 जिलों में मेघगर्जना के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- शनिवार और रविवार को राजस्थान के कई हिस्सों में सुबह-शाम तेज हवा चलने की संभावना है। हवा की स्पीड 25 से 35किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। अगले 3 दिन राज्य के तापमान में बढ़ोतरी होगी।




### 12 से बदल सकता है मौसम

12 मार्च की शाम से प्रदेश में मौसम बदल सकता है। 12 मार्च से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के राज्यों में एक्टिव होगा। इसके असर से बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, जैसलमेर, जोधपुर जिलों में बादल छाने के साथ बारिश हो सकती है। इस सिस्टम के निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर उत्तरी हवा का असर बढ़ेगा। तापमान गिरने से सर्दी बढ़ेगी।

### डूंगरपुर रहा सबसे गर्म

राजस्थान में कल सबसे अधिक तापमान डूंगरपुर में 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि बाड़मेर-जालोर का तापमान 30.8 डिग्री रहा। फलौदी, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में भी कल दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, अलवर, पिलानी, धौलपुर, अजमेर, करौली और फतेहपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस, जबकि पाली, जोधपुर, बारां, उदयपुर, कोटा में तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अजमेर में आज न्यूनतम तापमान 16.1, भीलवाड़ा में 13, बाड़मेर में 13.4, बीकानेर में 13 और जोधपुर में न्यूनतम तापमान आज 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## पानी की टंकी से फरियाद...



फोटो: पंकज शर्मा

*जयपुर। नेक्सा एवरग्रीन घोटाले को लोग पानी की टंकी पर चढ़ गए। उनका आरोप है कि 16 महीने से ज्यादा समय हो गया है, अभी तक अपराधी गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। पुलिस ने बस कुछ अपराधियों को गिरफ्तार कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इन लोगों ने 14 महीने में पैसे डबल करने का लालच दिया था, जिसमें फौजी पुलिस और मध्य वर्गीय किसान गरीब सब लोगों ने पैसे इन्वेस्ट किए थे।*

## मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना: दीया कुमारी ने दी स्वीकृति

# अब 10 की जगह मिलेंगे 30 हजार

बेधड़क | जयपुर

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 'मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना' के तहत दी जाने वाली राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार कर दिया है। उप मुख्यमंत्री ने समाज में लिंग भेद उन्मूलन और बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना में दी जाने वाली राशि में उक्त बढ़ोतरी की वित्तीय स्वीकृति दी है। योजना के तहत पहली व दूसरी बालिका के जन्म पर और उसके बाद नसबंदी करवाने की स्थिति में यह राशि दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 21 वर्ष की अवधि किए जाने की भी स्वीकृति दी है।

उल्लेखनीय है कि सुकन्या समृद्धि योजना का लाभार्थी खाता 25 हजार की राशि से खोला जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष 250 बालिका के खाते में जमा करवाए जाएंगे। ये राशि बालिका के नाम पर बनाई गई एफ डी आर राशि रुपए 3 हजार 500 के ब्याज से जमा होगी। एफ डी आर का अधिक ब्याज बालिका के 500 रूपये से खोले गए बचत खाते में जमा होता रहेगा। 21 वर्ष पश्चात यह राशि 1 लाख 47 हजार 542 होना संभावित है। इस योजना के अंतर्गत 2 लाख का दुर्घटना बीमा भी देय है जो 21 वर्ष की अवधि के पश्चात भी निरंतर लागू रहेगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आशा सहयोगिनियों को तोहफा देते हुए उनके मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि को भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। वृद्धि 1 अप्रैल 2024 से लागू हो जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की दी जानकारी

# उत्कृष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शनिवार को शासन सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को वर्चुअल एवं व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने रवि जैन प्रमुख शासन सचिव पंचायती राज, वंदना सिंघवी तत्कालीन संभागीय आयुक्त पाली, लोकबंधु तत्कालीन जिला कलक्टर भरतपुर, कमर उल जमान चौधरी जिला कलक्टर सीकर, श्रुति भारद्वाज तत्कालीन जिला कलक्टर नीमकाथाना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



इसी प्रकार अंकित सिंह जिला कलक्टर डूंगरपुर, हरजी लाल अटल जिला कलक्टर फलौदी, डॉ. इंद्रजीत यादव तत्कालीन जिला कलक्टर प्रतापगढ़, निधि बीटी जिला कलक्टर धौलपुर, श्वेता चौहान जिला कलक्टर केकड़ी, अर्तिका शुक्ला तत्कालीन जिला कलक्टर दूदू, नमित मेहता जिला कलक्टर भीलवाड़ा तथा नरेश कुमार ठकराल तत्कालीन शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग को सम्मानित किया। मुख्य सचिव ने नवनीत कुमार अतिरिक्त आयुक्त खाद्य विभाग, आलोक पांडा ईडी आईओसी, नितेश कुमार श्रीवास्तव जीएम एलपीजी आईओसी, विमलेन्दु मंडल जीएम एलपीजी बीपीसीएल, विनीत दीक्षित डिप्टी जीएम एचपीसीएल, मयंक मनीष सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी, आलोक गोयल महाप्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा एवं चेतन प्रकाश शर्मा स्टेट कॉर्डिनेटर पंचायती राज विभाग को सम्मानित किया।

## ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

# महिला की फोटो दिखाते, पैसे डलवाते और फिर कर देते ब्लॉक

बेधड़क | जयपुर

पुलिस ने तीन ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो ऑनलाइन एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। लोगों को फांसने के लिए इन बदमाशों ने एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर गूगल पर वेबसाइट बना रखी है।

इस वेबसाइट पर आने वाले लोग यहां दिए गए फोन पर कॉन्टेक्ट करते थे। उन लोगों को बदमाश ये बदमाश महिलाओं की फोटो भेजते। सर्विस लेने वाला महिला पसंद कर इन आरोपियों को फोटो भेज देता, इस पर ये लोग उस व्यक्ति से पैसा ले कर उसका नम्बर ब्लॉक कर देते। इस तरह की कई वारदात ये बदमाश कर चुके हैं।



### कई दिनों से मिल रही थी शिकायतें

डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से जयपुर शहर में महिलाओं की एस्कोर्ट सर्विस के विज्ञापन देकर लोगों से धोखाधड़ी की शिकायत मिल रही थी। इस प्रकार की धोखाधड़ी की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा गया। इस पर करधनी थाना पुलिस ने तीन युवकों को डिटेन किया। युवकों के पास से पुलिस को मोबाइल पर कई युवतियों की फोटो मिली। इनका इस्तेमाल सर्विस चाहने वाले को भेजा करते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने इस तरह की वारदात करना कबूल किया।

### इन बदमाशों को किया गिरफ्तार


करधनी थाना पुलिस ने सतीश गुर्जर(21) पुत्र गोपाल जाति गुर्जर निवासी ग्राम सीतारामपुरा थाना नरैना जयपुर ग्रामीण, धर्मराज बलाई (23) पुत्र विश्राम जाति बलाई निवासी ग्राम सीतारामपुरा थाना नरैना जयपुर ग्रामीण, सुरेश गुर्जर पुत्र किशनाराम जाति गुर्जर निवासी गाव मेहगाव थाना परबतसर जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने एस्कोर्ट सर्विसेज के नाम पर धोखाधड़ी करने के उपयोग में लिए जा रहे 9 मोबाइल बरामद किए हैं।

### क्लासमेट ने युवती के साथ किया रेप

**जयपुर।** क्लासमेट के युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर चांटे मारे और अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। आरोपी उसे ब्लैकमेल कर तीन साल तक देहशोषण करता रहा। मामले की जांच एसएचओ जवाहर सर्किल विनोद सांखला कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मालवीय नगर निवासी 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया- स्कूल में पढ़ाई के दौरान आरोपी आवेश पंवार उसका क्लासमेट था। जनवरी 2021 में आरोपी मिलने के लिए उसके घर आया। इस दौरान उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और दुष्कर्म किया।

## जरूरी खबर

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी ने जेल में लगाई फांसी



**बाड़मेर।** उप जिला कारागार में एक विचाराधीन कैदी ने टॉवल से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में पकड़ा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायिक मजिस्ट्रेट, एसडीएम समेत पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक, बालोतरा उप जिला कारागार के बैरक में 35 साल के विचाराधीन कैदी ने टॉवल से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना शुक्रवार रात की है। शनिवार सुबह जब गार्ड गश्त के लिए पहुंचा, तो वहां बंदी फंदे से लटका हुआ मिला।

### सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**झालावाड़।** जिले की भवानी मंडी थाना पुलिस की टीम ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि एसएचओ भवानी मंडी रमेश चंद्र के नेतृत्व में आरोपी आरिफ पुत्र आमिर खान (43) निवासी थाना अंबा माता जिला उदयपुर हाल अमन रेजिडेंसी संजय नगर झोटवाड़ा एवं लक्ष्मण प्रसाद पुत्र शिवचरण (33) निवासी थाना रूपवास जिला भरतपुर हाल थाना महेश नगर जिला जयपुर शहर को गिरफ्तार किया है।

### 70 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ दो तस्करो को दबोचा



**हनुमानगढ़।** थाना पीलीबंगा पुलिस की टीम ने 70 ग्राम अवैध हेरोइन (चिट्टा) सहित पंजाब के बठिंडा जिले से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि विशेष अभियान के तहत बठिंडा जिले के बिडतलाब निवासी तस्कर जजविंद्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह (28) एवं बलजिंद्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह (30) को गिरफ्तार किया है। एसएचओ भूप सिंह सहारण के नेतृत्व में नाकाबंदी व गश्त के दौरान पुलिस टीम ने गोलूवाला तिराहा मंडी से दिल्ली नंबर की लग्जरी कार वरना में सवार आरोपी जजविन्द्र सिंह व बलजिंद्र सिंह को 70 ग्राम अवैध हेरोइन सहित डिटेन किया।

### सीनियर वकील से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा दुर्व्यवहार करने को लेकर प्रदर्शन

# राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार, एडीजे को हटाने की मांग

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले के एक एडीजे व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव की ओर से सीनियर वकील से कथित दुर्व्यवहार करने का मामला तूल पकड़ गया।

जैसलमेर बार एसोसिएशन के वकीलों ने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर कोर्ट परिसर के आगे धरना दिया। वकीलों ने आरोप लगाया कि जिले के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने एक सीनियर वकील के साथ दुर्व्यवहार किया। साथ ही मामले पर खेद प्रकट नहीं करने से सभी वकीलों में रोष है। इसको लेकर बार एसोसिएशन के वकीलों ने निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। वकीलों की मांग है कि जैसलमेर के एडीजे सुनील विश्नोई अधिवक्ता से दुर्व्यवहार की घटना को लेकर खेद प्रकट करें नहीं तो उनको यहां से हटाया जाए।



#### यह है पूरा मामला

बार एसोसिएशन के सदस्य व अधिवक्ता सवाई सिंह का कहना है कि एक सीनियर अधिवक्ता के साथ पिछले 28 फरवरी को न्यायिक अधिकारी सुनील विश्नोई ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अशोभनीय व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि वकील कोर्ट ऑफिसर होते हैं, जिनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने जिस तरह से सीनियर वकील का अपमान किया है, वो पूरी बार का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना से सभी वकील हताश व उदास हैं। साथ ही एडीजे के इस दुर्व्यवहार से सभी वकीलों में रोष व्याप्त है। यही वजह है कि उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार किया है। साथ ही बताया कि आगे भी यह जारी रहेगा। हम सभी वकीलों की मांग है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए या फिर वो सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

#### जब तक माफी नहीं मांगेंगे तब तक बहिष्कार

इस मामले को लेकर सीनियर एडवोकेट दान सिंह मेहता ने बताया कि सीनियर अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार के बाद उन्होंने इस मामले की शिकायत की। उसके बाद प्रस्ताव पारित कर जिला न्यायालय को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया। बार एशोसिएशन सचिव ने विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी व जैसलमेर जज के खिलाफ राजस्थान उच्च न्यायालय को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। हालांकि, जिला न्यायाधीश ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाकर समझौता वार्ता करने का प्रयास किया। इस वार्ता के दौरान भी न्यायिक अधिकारी सुनील विश्नोई ने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने बताया कि विश्नोई के इस कृत्य के बाद बार एसोसिएशन द्वारा पुनः मीटिंग की गई। इसके साथ ही जिला न्यायाधीश ने पुनः समझौता वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन वो वार्ता असफल रही। उन्होंने बताया कि यही कारण है कि सभी वकीलों ने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार किया है। साथ ही कहा कि जब तक सुनील विश्नोई अपने किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर माफी नहीं मांगते या उच्च अधिकारियों द्वारा उनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक सभी वकीलों का विधिक सेवा प्राधिकरण व राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार जारी रहेगा।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा बोले-पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं

# एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो मिलेगी ऐतिहासिक जीत: बैरवा

**बेधड़क** | अजमेर

■ लोकसभा कोर और प्रबंधन समिति की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं। भाजपा में बूथ से लेकर टॉप लेवल तक के कार्यकर्ता व नेता अपने अपने दायित्व के हिसाब से काम करते है। सभी एकजुट होकर लड़ेंगे चुनाव और फिर से इस बार भी ऐतिहासिक जीत होगी। बता दें कि बैरवा ने शनिवार को भुनाबाय स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा कोर और प्रबंधन समिति की बैठक लेने पहुंचे थे। बैठक में बीजेपी की राजस्थान प्रभारी विजया राहटकर भी मौजूद थीं।

बैरवा ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसमें सबको समाहित कर साथ मिलकर कार्य करते है। पार्टी की रीति-नीति अच्छी है और भाजपा की सोच को देखते हुए आस्था होने के कारण कांग्रेसी पार्टी में शामिल रहे हैं। भाजपा में गुटबाजी के कांग्रेस के आरोप पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। बैरवा ने झुंझुनूं में भाजपा नेता राहुल कस्वां के बगावती तेवर पर पर कहा कि यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। कस्वां कहीं नहीं जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बातचीत में गुटबाजी को लेकर कहा कि यह देखने में लग सकता है, लेकिन पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। पार्टी सभी को समाहित करके और साथ मिलकर काम करती है। बीजेपी पार्टी की अपनी रीति-नीति, शासन एवं पीएम नरेंद्र मोदी की सोच और विजन है। बैठक के दौरान सांसद भागीरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, देवीशंकर भूतड़ा, ओमप्रकार भड़ाणा आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।



#### बैठक में नहीं आई भदेल

प्रबंध समिति की बैठक में अजमेर दक्षिण से विधायक अनीता भदेल बैठक में नहीं आई। बता दें कि कुछ दिनों पहले हुई प्रबंध समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की मौजूदगी में विधायक अनीता भदेल बैठक छोड़कर चली गई थी। इससे लग रहा है कि भदेल की नाराजगी फिलहाल खत्म नही हुई है।

#### विधि महाविद्यालय अजमेर की चारदीवारी बनवाने की मांग

राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रचित कच्छावा ने बैरवा से मुलाकात कर राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेर की चारदीवारीबनाने की मांग की। बैरवा ने मांग पर जल्द संज्ञान लेने की बात कही। कच्छावा ने कहा कि पहले सीमा ज्ञान की समस्या चल रही थी, इस केलिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला प्रशासन से उसका समाधान करवा दिया है।

#### आयुष आरोग्य मेले का किया शुभारंभ

**दूदू।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने शनिवार को दूदू में आयोजित राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेले का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष को वैश्विक चिकित्सा पद्धति की मुख्य धारा में लाना वर्तमान समय की मांग है और यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सरकार आयुष के प्रचार-प्रसार हेतु सतत क्रियाशील है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने मेले में लगाई गई स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया व उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, आयुष विभाग शासन सचिव पूनम, निदेशक डॉ. आनंद कुमार, उप शासन सचिव सावन कुमार चायल, जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### भरतपुर के निजी हॉस्पिटल का मामला

# एनीस्थिसिया के इंजेक्शन के बाद बच्चे की मौत

■ परिजनों ने दर्ज करवाया मामला



**बेधड़क** | भरतपुर

शहर के एक निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान एनीस्थिसिया के इंजेक्शन लगाने से 22 माह के मासूम की मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बच्चे का हर्निया का ऑपरेशन कराने अस्पताल में भर्ती करवाया था। घटना भरतपुर शहर के गोविंद गुप्ता हॉस्पिटल की है। परिजनों ने शुक्रवार को मथुरा गेट थाने में हॉस्पिटल के मालिक डॉ।

गोविंद गुप्ता के खिलाफ गलत इंजेक्शन लगाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शनिवार को आरबीएम अस्पताल में बच्चे का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मथुरा गेट थाना अधिकारी करण सिंह राठौड़ ने बताया कि हरी सिंह निवासी कौंथरा जिला मथुरा (यूपी) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि मेरे छोटे भाई अजीत के 22 महीने के बेटे कान्हा का पिछले 6 माह से प्राइवेट पार्ट भारी हो जाता था। जांच कराने पर डॉक्टरों ने हर्निया बताया। मैं अपने भाई अजीत के साथ 5 मार्च को कान्हा के हर्निया का ऑपरेशन करवाने के लिए भरतपुर आया। शहर के गोविंद गुप्ता हॉस्पिटल में कान्हा को भर्ती करवाया। ऑपरेशन से पहले हॉस्पिटल में 5 हजार रुपए जमा करवाया गया। शाम पांच बजे कान्हा को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। मैं ऑपरेशन थिएटर के अंदर देख रहा था। डॉक्टर ने कान्हा को बेहोश करने के लिए पहले हाथ में इसके बाद रीढ़ की हड्डी में इंजेक्शन लगाया। रीढ़ की हड्डी के पास इंजेक्शन लगते ही, कान्हा की आंखें खुली की खुली रह गईं। ऑपरेशन थिएटर के अंदर स्टाफ बच्चे के सीने को दबा रहे थे। इसके बाद डॉक्टर ने बाहर आकर बताया कि बच्चे का माइंड काम करना बंद कर दिया है। इसे तुरंत जयपुर लेकर जाओ। बच्चे को जयपुर लेकर गए। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन से कान्हा की मौत हुई है।

### एसके गर्ल्स कॉलेज में किया 52 स्कूटी का वितरण

# स्कूटी पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**बेधड़क** | सीकर

कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण स्कूटी योजना के तहत सीकर के एसके गर्ल्स कॉलेज में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की गर्ल्स को 52 स्कूटी का वितरण किया गया।

धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि गर्ल्स की हित की दृष्टि से राज्य सरकार की दोनों स्कूटी योजनाएं बहुत ही शानदार है और छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने वाली है। गोवर्धन वर्मा ने कहा कि इससे न केवल स्कूटी पाने वाली गर्ल्स का मनोबल बढ़ेगा बल्कि दूसरी गर्ल्स भी इससे प्रेरित होंगी। कॉलेज प्रिंसिपल ने कहा कि सत्र 2021-22 के लिए स्वीकृत 234 स्कूटी में से प्रथम चरण में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना की 138 स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। दूसरे चरण में सत्र 2021-22 की कालीबाई भील योजना और देवनारायण योजना की शेष स्कूटी का वितरण किया जाना है।



### रेवाड़ी से रींगस तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

# खाटूश्यामजी का लक्खी मेला कल से

**बेधड़क** | सीकर

जिले के खाटू श्याम जी में बाबा श्याम का 11 दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला 11 मार्च से शुरू होगा। जिला प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

वहीं फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर सीकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व पुलिस अधीक्षक भवन भूषण शर्मा लगातार नजर बनाए हुए हैं। जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक मेले की व्यवस्थाओं को देखने के लिए खाटूश्याम जी पहुंचे। जिला कलेक्टर ने मेले की व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों से चर्चा करते हुए श्याम भक्तों की तरह पैदल चलकर व्यवस्थाओं को देखने की बात भी कही थी और अधिकारियों से अपने काम को गंभीरता से व जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले में पैदल आने वाले पद यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं बाबा श्याम का लक्खी मेले की व्यवस्थाओं को देखने के लिए सीकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व पुलिस अधीक्षक भवन भूषण यादव जब खाटू श्याम जी पहुंचे तो उन्होंने खुद झिंगुस रोड पर बनी 52 बीघा सरकारी पार्किंग का निरीक्षण किया। इधर खाटू श्याम जी में बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की ओर से 11 मार्च से 22 मार्च तक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। यह विशेष ट्रेन रेवाड़ी से सुबह 11:40 मिनट पर रवाना होगी जो दोपहर 2:40 पर रींगस रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह यह ट्रेन से दोपहर 3 बजे रवाना होकर शाम 6:20 मिनट पर रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन खाटूश्याम जी मेल में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11 मार्च से 22 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी।



### बीस करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार

# अजमेर बस स्टैंड का निखरेगा स्वरूप, विधानसभा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**बेधड़क** | अजमेर

आजादी के 76 साल बाद अजमेर बस स्टैंड की सूरत बदल जाएगी। राज्य सरकार ने इसके लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से बस स्टैंड का नवीनीकरण और वर्कशॉप को जयपुर रोड पर शिफ्ट किया जाएगा।

बस स्टैंड पर अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और अन्य अधिकारियों के साथ बस स्टैंड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अजमेर बस स्टैंड को रेनोवेट किया जाएगा। कंसल्टेंसी फर्म द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जा चुका है। इसके अनुसार अजमेर के केंद्रीय बस स्टैंड को पूरी तरह नए रूप में विकसित किया जाएगा।

■ अत्याधुनिक सुविधाओं का होगा विस्तार




#### स्टाफ के लिए विश्राम ग्रह की सुविधा

प्रथम तल पर रोडवेज प्रशासन का कार्यालय स्थापित किया जाएगा। यहां ड्राइवर व कंडक्टर सहित अन्य स्टाफ के लिए विश्राम, भोजन, ठहराव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बेसमैंट में पार्किंग होगी, जबकि छत पर सोलर पैनल लगाए जाने का प्रावधान किया जाएगा। भवन को आगामी पचास साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाना है। डिजाइन इस तरह तैयार होगा कि भूतल के साथ चार मंजिला भवन भविष्य में बनाया जा सके। देवनानी व कलेक्टर दीक्षित ने बस स्टैंड के साथ जुड़े हुए वर्कशॉप का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे जयपुर रोड स्थित रोडवेज की भूमि पर शिफ्ट किया जाए, ताकि बस स्टैंड का सम्पूर्ण विस्तार सम्भव हो सके। इस अवसर पर मुख्य प्रबन्धक उषा रामनारायण चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बस स्टैंड पर कर्मचारी संगठनों की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

#### वर्कशॉप जयपुर रोड पर होगा शिफ्ट

योजना के अनुसार वर्कशॉप को जयपुर रोड पर शिफ्ट कर खाली हुए स्थान का उचित उपयोग प्रस्तावित है ताकि रोडवेज को अतिरिक्त आमदनी हो सके। वर्तमान भवन के स्थान पर नया बस टर्मिनल, स्टैंड, नया टेंपो स्टैंड, पार्किंग, फूड कोर्ट, व्यावसायिक भवन, आने-जाने के अलग-अलग मार्ग सहित अन्य सुविधाएं भी नए बस स्टैंड पर प्रस्तावित है। इस बस स्टैण्ड में सुरक्षा के भी पर्याप्त बंदोबस्त किए जाएंगे। पैदल चलने वालों के लिए अलग से फुटपाथ होगा। यहां पेट्रोल पंप, बैंक भवन, एटीएम, फूड कोर्ट सहित अन्य प्रावधान किया जा सकता है। देवनानी ने निर्देश दिए कि बस स्टैंड को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की विस्तृत योजना तैयार की जाए। यहां दुकानों, पेट्रोल पम्प, बैंक भवन, एटीएम व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों का प्रावधान किया जाए ताकि बस स्टैंड की देखरेख सम्बन्धी सभी जरूरतें आसानी से पूरी हो सके। उन्होंने यहां पार्किंग को लेकर भी चर्चा की। बस स्टैंड में बसों के अलावा, ऑटो रिक्शा, दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी उचित प्रावधान किया जाएगा। बस स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर बसों की ठहराव की व्यवस्था होगी। जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व राज्य से बाहर जाने वाली बसों के लिए अलग अलग प्लेटफार्म बनाए जाएंगे।

## निर्वाण विश्वविद्यालय की ओर से दो महिला सरपंचों को किया गया सम्मानित

# गांवों में अब सरपंच पति नहीं, खुद महिला सरपंच कर रही हैं निर्णय




**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में झर और बांसखोह पंचायत की महिला सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सरपंचों को पौधा देकर तथा शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।

इसके बाद महिला सरपंचों ने मंच से अपने अनुभव भी शेयर किए। झर पंचायत की सरपंच ममता मीणा ने कहा कि शिक्षा द्वारा आत्मविश्वास बढ़ता है, एक शिक्षित महिला समाज और परिवार का अधिक अच्छे से नेतृत्व कर सकती है। बांसखोह सरपंच सुमन शर्मा ने कहा कि अब महिलाएं भी स्वयं अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने लगी हैं अब सरपंच पति जैसी परम्पराएं टूट रही हैं और महिला सरपंच स्वयं मीटिंग्स में जाती हैं, निर्णय लेती हैं।


इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि जब तक आधी आबादी की भागीदारी सभी क्षेत्रों में नहीं होगी तब तक देश और समाज की प्रगति संभव नहीं है।

स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण के कारण बढ़ा महिला नेतृत्व एक सकारात्मक परिवर्तन है। सीईओ एंड वाइसचेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि स्थानीय निकायों में महिला नेतृत्व से जमीनी स्तर पर परिवर्तन आए हैं जो कि महिला सशक्तिकरण में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

### आज के दौर में पहले से सशक्त हैं महिलाएं

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का परिचय देते हुए बताया कि कामगार महिलाओं और नारीवादियों द्वारा वोट के अधिकार की मांग के लिए शुरू हुए आंदोलन के परिणामस्वरूप महिला दिवस की नींव रखी गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजनैतिक नेतृत्व द्वारा महिलाओं में निर्णय क्षमता का विकास हुआ है, जिससे महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आ रहा है और महिला सरपंचों के रूप में वे नेतृत्व कर रही हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। एनएसएस प्रभारी डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. केसी सैनी ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

## Yuva स्टोरीज




### महिला प्रतिभाओं को आगे लाएगी 'शेरनी'

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क (आईएनएफएलआईबीएनईटी) केंद्र ने शनिवार को भारत में शी रिसर्च नेटवर्क (एसईआरएनआई) का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिला वैज्ञानिकों का विभिन्न शोध क्षेत्रों में समान रूप से प्रतिनिधित्व हो। यूजीसी के अनुसार, शेरनी वेबसाइट विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय महिलाओं के 81,818 प्रोफाइल को जोड़ेगी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यूजीसी महिला वैज्ञानिकों और संकाय सदस्यों के योगदान के लिए प्रतिनिधित्व और दृश्यता सुनिश्चित करना चाहता है, उन्हें उनके शोध परिणामों और मापनीय समाधानों के माध्यम से विकसित भारत के मुख्य स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता देता है। रूढ़िवादिता को दूर करके, यह पहल महिला शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों की आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि महिला संकाय सदस्यों के लिए प्रोफाइल नेटवर्क प्रणाली एसईआरएनआई एक विशेषज्ञ प्रोफाइल नेटवर्क प्रणाली है जो भारत के विविध व्यवसायों में महिलाओं को जोड़ती है और उनके अनुभव का उपयोग करती है। इस प्लेटफॉर्म को https://sherni.inflibnet.ac.in पर देखा जा सकता है।

### जीसीईसी म्यूजिकल ईवनिंग में परफॉर्म करेंगे नामी कलाकार

**जयपुर।** जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से रविवार शाम को म्यूजिकल ईवनिंग का आयोजन किया जाएगा। एंजेल्स म्यूजिक अकादमी की ओर से संचालित होने वाले इस कार्यक्रम मे देश के नामचीन कलाकार हिस्सा लेंगे, जिनमे ओपेरा ओलंपिक्स में इंडिया की ओर से चयनित कलाकार राधिका समेत हिना, ईशान, तन्मय समेत अन्य कलाकार परफॉर्मेंस देंगे। शेफाली सक्सेना कार्यक्रम का संयोजन करेंगी। फाउंडेशन के फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन के साथ ही फाउंडेशन की ओर से कुछ ऐसी शुरुआत की जाएगी जो कि प्रदेश में परफॉर्मिंग आर्ट्स, अकाउंटिंग एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र मे मिसाल कायम करेंगी। निदेशक शिवी सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सारेगामापा जैसे मंचों पर परफॉर्म कर चुके कलाकार परफॉर्म करेंगे।

### JKLU में डिजाइन वीक आज से जुटेंगी नामचीन हस्तियां


**जयपुर।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी की ओर से जयपुर डिजायन वीक की शुरुआत रविवार को होगी। यूनिवर्सिटी के डिजाइन डिपार्टमेंट हैड ए बालासुब्रमण्यम ने बताया कि डिजायन वीक के अंतर्गत क्रिएटिविटी और इनोवेशन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस दौरान प्रसिद्ध डिजायन हिस्टोरियन सरिता सुन्दर की ओर से मोटिवेशनल सत्र का आयोजन होगा जिसमें वे डिजायन फील्ड में सक्सेस के टिप्स देंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में नामचीन डिजाइनर शामिल होंगे जो डिजाइन के विभिन्न आयामों पर चर्चा करेंगे एवम नवाचारों से रूबरू करवाएंगे।




### विक्रम शर्मा को नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड

**जयपुर।** नई दिल्ली के भारत-मण्डपम में देश के चुनिंदा इन्फ्लुएंसर्स के साथ पहली बार आयोजित नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड-2024 कार्यक्रम में जयपुर के नामी मोटिवेशनल स्पीकर और इंफ्ल्यूएंसर विक्रम शर्मा भी हिस्सा बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सभी इन्फ्लुएंसर्स को नए सोशल- डिजिटल भारत का सूत्रधार बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 20 अलग-अलग श्रेणियों में 21 लोगों को सम्मानित किया। इनमें लोकप्रिय कथाकार जया किशोरी, शार्कटैंक से अमन गुप्ता, रणबीर अलाहबादिया जैसे नाम प्रमुख रहे।

## रूपक महोत्सव का हुआ समापन



# भावनाओं का ज्वार लेकर आई 'कथा पन्नाधाय री'

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में चल रहा 20वां अखिल भारतीय रूपक महोत्सव-2024 शनिवार को पन्नाधाय के बलिदान की अनुपम कथा के मंचन के साथ सम्पन्न हुआ। जयपुर परिसर के पूर्व छात्रों ने मंच पर 'कथा पन्नाधाय री' के माध्यम से मरुधरा के गौरवशाली इतिहास को शब्द दिए तो पूरा सभागार भावनाओं में बह गया।

साथ ही पद्मश्री सम्मानित अनुपमा होसकेरे के कठपुतली नाटक 'पुतलिका' ने भी दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने बताया कि शनिवार को आयोजित महोत्सव के सम्पूर्ति समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रंगमंच के माध्यम से नाटक करने वाले रंग कर्मी को उचित प्लेटफार्म मिलता है। बहुत से कलाकारों का उदय नाटक से हुआ है। संस्कृत भाषा सबसे वैज्ञानिक भाषा है।

संस्कृत को गति मिलेगी तो देश की प्रगति होगी। अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि आज संस्कृत भाषा जन भाषा बन चुकी है। सभी भाषाएं इससे जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से रोजगार मुखी पाठ्यक्रम शुरू कर ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।





### श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए दिए पुरस्कार

मीडिया संयोजक डॉ. रानी दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर महोत्सव की श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। समापन समारोह में यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. मंथा श्रीनिवास, संस्कृत एप के लिए प्रसिद्ध प्रो. मदन मोहन झा, पूर्व निदेशक प्रो. अर्कनाथ चौधरी, प्रो. श्रीधर मिश्र, प्रो. भगवती सुदेश, प्रो. शिवकान्त झा, प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय, प्रो. कृष्णा शर्मा, डॉ लोकेश शर्मा, डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता, डॉ. नमित्ता मित्तल, डॉ. धर्मपाल प्रजापत, डॉ. सुभाष चन्द्र मीना, डॉ कैलाश चंद सैनी सहित सैकड़ों संस्कृत विद्वान् एवं अनुरागी उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. वाईएस रमेश व सह संयोजक प्रो. रामकुमार शर्मा थे।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल पद्मश्री से सम्मानति कठपुतली कलाकार अनुपमा होसकेरे ने कहा कि हमारी प्राचीन ज्ञान परम्परा में नीति के सारे मूल्य प्राप्त होते हैं। उन्हें रमणीय माध्यम से समाज को शिक्षा देने का रुचिकर प्रकल्प है। होसकेरे विगत 35 वर्षों से कठपुतली कर रही हैं।

उन्होंने इस कला के माध्यम से रामायण, महाभारत, उपनिषदों के प्रसंगों को दुनिया के 25 से अधिक देशो में प्रस्तुत कर लोकप्रिय बनाने का काम किया है। कार्यक्रम में जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा, कुलसचिव केंद्रीय संस्कृत विवि प्रो. गायत्री मुरली कृष्णा, निदेशक केंद्रीय योजना प्रो. मधुकेश्वर भट्ट ने भी भाग लिया।



### फेयरवेल पार्टी में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज में साइंस डिपार्टमेंट के एमएससी फाइनल ईयर स्टूडेंट्स का फेयरवेल कार्यक्रम 'स्मृति' शनिवार को आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न कल्चरल एक्टिविटीज के साथ ही एक्साइटिंग गेम्स ने बच्चों का एंटरटेनमेंट किया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने कॉलेज में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया। इसके बाद स्टूडेंट्स को विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने स्टूडेंट्स को साइंस के फील्ड में अपार संभावनाएं होने की बात कही।

### समाजसेवी महिलाओं का किया सम्मान



**जयपुर।** झालाना स्थित अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर श्रमिक सहायता केंद्र जयपुर एवं एक्शन ऐड के सयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से जयपुर शहर की कच्ची बस्तियों की ऐसी महिलाओं सम्मान किया गया जिन्होंने लोककल्याणकारी योजनाओं के लिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में जागरूकता और जुड़ाव का सराहनीय कार्य किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक्शन एड के रीजनल मैनेजर सियोन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस के क्या सन्दर्भ है और आज के समय में हमें महिलाओं के मुद्दे के प्रति सवेदनशील होना आवश्यक है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला सामाजिक कार्यकर्ता भाग्यश्री ने भी महिला दिवस की उपयोगिता को बताया। कार्यक्रम में श्रमिक सहायता केंद्र समन्वयक मूलचन्द शर्मा, कोमल बेनीवाल, नरेंद्र वर्मा, समाजसेवी अक्षत शर्मा सहित कुल 150 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एक्शन एड कार्यक्रम मैनेजर विकास सिंह ने किया।

**पहल** | CIIL ने विकसित किए प्राइमर

# स्टूडेंट्स के लिए आसान बनेगा भाषाओं का अध्ययन

**बेधड़क** | नई दिल्ली

अब छात्र 22 अनुसूचित भाषाओं के अलावा अन्य भाषाएं भी सीख सकेंगे, क्योंकि केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) मैसूर ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के सहयोग से 52 भारतीय भाषाओं के लिए प्राइमर विकसित किया है।

शिक्षा मंत्रालय ने एनसीईआरटी के साथ शनिवार को प्राइमर लॉन्च किया। साथ ही शिक्षक प्रशिक्षण, सलाह और पेशेवर मानकों को पढ़ाने से संबंधित कई अन्य घोषणाएं कीं। शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर एनसीटीई ने शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनपीएसटी) और नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम) भी लॉन्च किया।

शिक्षा मंत्रालय अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार पीएम ई-विद्या पहल के हिस्से के रूप में ओटीटी प्लेटफार्मों और यूट्यूब पर 200 चैनल उपलब्ध कराने पर काम कर रही है। अभी, यह डीटीएच सेवाओं के माध्यम से और विभिन्न भाषाओं में प्रदान किया जा रहा है। एनसीईआरटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्राइमर का विकास भाषा सीखने वालों के लिए पहली मुद्रित पुस्तक होगी। यह बच्चों के लिए औपचारिक तरीके से भाषा पर ध्यान देने का एक कदम है।




### 52 भारतीय भाषाओं में तैयार किए हैं प्राइमर

सीआईआईएल के अध्यक्ष शैलेन्द्र मोहन ने कहा कि सीआईआईएल ने एनसीईआरटी के सहयोग से 52 भाषाओं में 'भाषा प्रवेशिका' (प्राइमर) विकसित किए हैं। सीआईआईएल, एक भारतीय अनुसंधान और शिक्षण संस्थान, शिक्षा मंत्रालय के भाषा ब्यूरो का हिस्सा है। किताबों के डिजिटल और भौतिक संस्करण जो डिजाइन किए गए हैं, वे प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के एनईपी-2020 प्रावधानों के अनुरूप हैं। ये पुस्तकें द्विभाषी हैं. अब छात्र न केवल अपनी मातृभाषा के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि राज्य की भाषाओं के बारे में भी सीख सकेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, लगभग 121 बोलिया हैं। जिस भाषा को बोलने वाले कम से कम 10000 लोग हों, वह मातृभाषा कहलाती है।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*प्रतापगढ़ जिले की अरनोद तहसील में स्थित गौतमेश्वर शिव मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां के मोक्षदायी कुंड में स्नान करने से व्यक्ति जीव हत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। पाप मुक्त होने का उसे बाकायदा सरकार की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। कहते हैं कि यह परंपरा गौतम ऋषि के वक्त से चली आ रही है। यहां पर स्नान करने से वे जीव हत्या के पाप से मुक्त हुए थे। मान्यता है कि मोक्षदायी कुंड में स्नान का उतना ही महत्व है, जितना गंगा स्नान का। आदिवासी लोग अपने परिवार के सदस्यों के अंतिम संस्कार के बाद राख को 'कुंड' में विसर्जित करते हैं, इसलिए इसे 'वागड़ का हरिद्वार' भी कहा जाता है।*

### प्रतापगढ़ जिले के गौतमेश्वर मंदिर के मोक्षदायी कुंड पर स्नान से मिलता है गंगा स्नान जैसा पुण्य

# मंदिर, जहां मिलता है पाप मुक्ति का सर्टिफिकेट

कहते हैं कि गंगा मैया में स्नान करने से इंसान के सारे पाप धुल जाते हैं, गंगा के प्रति यह आस्था उसकी पावनता को लेकर है, लेकिन राजस्थान में एक मंदिर ऐसा भी है जहां डुबकी लगाने से गंगा की तरह सारे खत्म हो जाते हैं। नेता-अधिकारी और ऐसे व्यक्ति, जिनसे किसी जानवर की हत्या हो गई है, ऐसे सभी लोग यहां पाप मुक्ति के लिए आते हैं। यहां राजस्थान सरकार का देवस्थान विभाग का ट्रस्ट लगाता है पाप मुक्ति प्रमाण पत्र पर मोहर! यह है राजस्थान के दक्षिण में प्रतापगढ़ जिले की अरनोद तहसील का गौतमेश्वर महादेव मंदिर। ऐसा नहीं है, मंदिर केवल इसका दावा ही करता है बल्कि यहां इसके लिए बकायदा 'पाप मुक्ति' का सर्टिफिकेट दिया जाता है।





### गौतम ऋषि से शुरू हुई थी परंपरा

*मान्यता है कि सप्तऋषियों में से एक गौतम ऋषि पर एक बार गौहत्या का कलंक लग गया था। उस समय वह प्रतापगढ़ के इसी मंदिर में स्थित सरोवर में स्नान करने आए थे। इसके बाद ही उन्हें गौहत्या के कलंक के मुक्ति मिली थी। कहा जाता है इसके बाद से गौतमेश्वर स्थित मंदिर के इस सरोवर में जो भी स्नान करता है। उसे पाप से मुक्ति मिल जाती है। आज भी यदि किसी पर जीव हत्या का पाप लगता है या फिर कारणवश उसे समाज से निष्कासित कर दिया जाता है, तो ऐसे लोग मोक्षदायिनी कुंड में डुबकी लगाने जरूर आते हैं। पुजारी बताते हैं कि भोलेनाथ की कृपा से इस मंदिर में भक्तों के सभी पापों का नाश हो जाता है।*

### 11 रुपए का दान करो और पाओ प्रमाण पत्र

प्रतापगढ़ के गौतमेश्वर महादेव पापमोचन तीर्थ स्थल में यह शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को उनके पापों से मुक्ति का वादा किया जाता है। इसके लिए मंदिर में बने एक कुंड में स्नान करना होता है और इसके बाद 11 रुपये का दान करने के बाद बाकायदा आपको पाप मुक्ति का सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है। भारत की आजादी के बाद से मंदिर के पास उन श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड हैं, जिन्होंने कुंड में डुबकी और दान देकर पाप मुक्ति का प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। अमीनत कछारी के नाम से जाना जाने वाला पुजारियों का एक दल प्रत्येत सर्टिफिकेट के 1 रुपया शुल्क लेता है, जबकि दोष निवारण के लिए 10 रुपए लिया जाता है।




### 'वागड़ का हरिद्वार'

आदिवासी क्षेत्रों में भी इसका बहुत प्रभाव है। आदिवासी लोग अपने परिवार के सदस्यों के अंतिम संस्कार के बाद राख को 'कुंड' में विसर्जित करते हैं, इसलिए इसे 'वागड़ का हरिद्वार' भी कहा जाता है। शर्मा बताते हैं कि मई में आठ दिन के लिए लगने वाले गौतमेश्वर मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। हर साल यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हालांकि, वो ये भी कहते हैं कि यहां आने वाले ज्यादातर लोग सर्टिफिकेट नहीं लेते हैं। इस साल आठ दिनों के मेले में दो लाख से ज्यादा लोगों ने कुंड में स्नान किया, लेकिन सर्टिफिकेट लेने मात्र तीन लोग ही आए।




## कविता

### मेरे भीतर मैं



ब्रजेश कानूनगो
इंदौर

मेरे भीतर
एक मैं हूं
जो निकल आता है कभी-कभी
भीतर से
और पूछने लगता है
कई सवाल
जैसे मैं अपने पिता से
उनके साथ टहलते हुए
अपनी जिज्ञासा व्यक्त करता था
हर दिन
मेरे हर सवाल का जवाब होता था
उनके पास
पिता नहीं हैं
अब इस दुनिया में
मेरे सवालों का जवाब
मुझे ही देना है अब
पूछने लगता हूं
अपने से ही कुछ प्रश्न
इतनी बदमाशियों, खराबियों के चलते
खुश कैसे रह सकते हैं
हम संकटों के साथ?
मैं ही दे लेता हूं जवाब
सवालों को पिटारे में बंद कर
नाचते हैं, गाते हैं
जब भीड़ के साथ
भुला देते हैं अपने दुखों को।

## शब्दों की सीख

# कामकाजी स्त्रियों का सच



शोभा गोयल
प्रताप नगर, जयपुर

कॉलबेल की आवाज सुनकर विभा ने दरवाजा खोला। सामने उसका देवर जय था। औपचारिक हाल चाल पूछने के बाद जय बोला- भाभी आज आप हाफ डे ले लीजिए।

-क्यों जय भैया? उसने चौंकते हुए पूछा।

-वो भाभी मैंने अपने बॉस और कुछ डेलिगेट्स को आज रात के खाने पर बुलाया है। भाभी आप से अच्छा खाना कौन बना सकता है। इसीलिए...।

-लेकिन जय भैया, ऑफिस में हाफ डे नहीं मिलता। इस बार हमारे कमिश्नर साहब बहुत सख्त हैं। सीधा मुझे नोटिस पकड़ा देंगे। विभा ने अपनी विवशता जाहिर की।

-प्लीज भाभी, आप कुछ भी कीजिए मगर आज मेरी इज्जत रख लीजिए। मैंने उन लोगों को इनवाइट कर दिया है, अब मैं मना भी नहीं कर सकता। मेरे प्रमोशन का सवाल है। प्लीज भाभी, प्लीज मेरी हेल्प कीजिए। जय गिड़गिड़ा कर बोला।

-तू अनन्या को खाना बनाने को क्यों नहीं कहता, तेरे प्रमोशन की चिंता उसे होनी चाहिए या नहीं। वह तेरी पत्नी है जय की मां ने हस्तक्षेप करते हुए कहा।

-मां, आप जानती है ना, अनन्या को खाना बनाना नहीं आता। वह रोटी दाल बना ले, वही बहुत है। वैसे भी आज उसकी किटी पार्टी है। वह वहां बिजी होगी। जय ने नजरें चुराते हुए कहा।

-तुम्हारे बॉस खाने पर आ रहे हैं और तुम्हारी पत्नी किटी पार्टी में मशरूफ है। इसका मतलब...।

-मैं खाना बना दूंगी जय, बहस बढ़ती देख विभा ने बात संभाली। मैं शाम को आफिस से सीधे तुम्हारे घर पहुंचती हूं। ठीक है ना...!

-नहीं भाभी, मैंने अपने बॉस और बाकी लोगों को यहां की लोकेशन भेजी है वे लोग यहीं आ रहे हैं। प्लीज आप खाना बनाने के लिए जो भी चाहिए वो ले आना। मै बॉस के साथ व्यस्त रहूंगा।

विभा को गुस्सा तो बहुत आया, मगर घर का माहौल न बिगड़े इसलिए वो अंदर ही जज्ब कर गई। वाह बेटा! तेरा खुद का प्रमोशन है और तूने उन लोगों को यहां बुलाया है। तेरे घर में क्या समस्या थी। अच्छा भला थ्री बीएचके फ्लैट है। सुख सुविधा से संपन्न है। मां के स्वर में गुस्सा झलक रहा था।

मां आज मेड छुट्टी पर है। अनन्या से झाड़ू पोछा नहीं होता, बच्चों ने घर फैला रखा है। वैसे भी मैंने उन लोगों से झूठ बोला है कि हम संयुक्त परिवार में रहते हैं।

जय की बात सुनकर मां ने सिर पीट लिया। जय कह सुनकर अपने घर चला गया। विभा ने रसोई की ओर कदम बढ़ाएं। लंच पैक करते-करते उसके हाथ मशीन की तरह चल रहे थे। कामकाजी स्त्रियां घड़ी की सुइयों से भी तेज भागती है। शाम के लिए उसने छोले भिगोए दूध गर्म कर जावन लगाया, नॉन के लिए आटा गूंथ के रख दिया। बाकी काम वह ऑफिस से आ कर कर लेगी। गर्म तेल की कटोरी और बीपी की दवाई लेकर अपनी सास के पास पहुंची और उन्हें पकड़ाते हुए बोली-आप चिंता मत कीजिए मांजी मैं सब संभाल लूंगी।

जानती हूं तू सब कुछ संभाल लेगी, लेकिन अनन्या को भी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। दीपक ट्यूर पर रहता है, तू कामकाजी है फिर भी तू झाड़ू पोछा और घर के बाकी सारे काम करती है। दीपक के ट्यूर पर रहने के कारण बाहर के काम भी तुझे देखने होते हैं। तेरे ऊपर तो दोहरी जिम्मेदारी है। एक वह अनन्या है सारा दिन घर पर रहती है। घर के हर काम के लिए नौकर चाकर लगे हुए हैं। खाना तक कुक बना कर देता है, मगर उससे अपने पति का एक प्रमोशन संभाला नहीं जाता। मां के स्वर में नाराजगी थी।

जाने दीजिए मां जी, आप परेशान न हों। मैं ऑफिस निकलती हूं, आप अपना ध्यान रखिएगा। वह अपनी स्कूटी स्टार्ट कर चली गई।

विभा की सरकारी नौकरी है। सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई ड्यूटी शाम 6:00 बजे खत्म होती है। विभा शाम 7:00 बजे तक घर पहुंचती है। रास्ते से ही दूध और सब्जी खरीद कर ले जाती है। वह कहती है कि उसकी ड्यूटी सुबह 5:00 बजे से शुरू होकर रात 10:00 बजे खत्म होती है। वह घर के कामों के लिए मेड रख सकती है, मगर मेड 10-11 बजे आने के लिए कहती है और वह सुबह 9:00 बजे ऑफिस निकल जाती है। मांजी गठिया रोग से पीड़ित हैं, कहां मेड के पीछे पीछे घूमेगी। आजकल मेड के नखरे भी कितने हैं। इससे अच्छा है घर के काम सहुलियत के हिसाब से खुद कर लो।

शाम को वह दूध, पनीर और सब्जी लेकर घर पहुंची। कपड़े बदल कर बेटे का होमवर्क चेक किया, फिर किचन में जाकर दो कप चाय बनाई। चाय बनाते बनाते ही उसने पनीर को फ्राई कर लिया। एक कप चाय मां जी को देकर वह खाना बनाने में जुट गई। देवर के प्रमोशन का सवाल है, खाना बनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती थी। खाना बनाते-बनाते ही उसे पौने नौ बज गए। ठीक 9:00 बजे उसकी देवरानी अनन्या ने घर में

कदम रखा- हेलो भाभी डिनर रेडी है क्या?

-हां अनन्या। सहसा उसकी नजर अनन्या पर ठहर गई। अनन्या बड़ी सुंदर लग रही हो। हां भाभी वो किटी पार्टी के बाद मैं बहुत थक गई थी सोचा स्पा ले लूं। इसलिए पार्लर चली गई, वहीं से तैयार होकर आ रही हूं। आखिर इनके प्रमोशन का सवाल है। इंप्रेशन अच्छा पड़ना चाहिए।

-हूं...। विभा हरा धनिया काटते हुए बोली।

भाभी आप भी चैंज कर लीजिए। आपके पूरे सूट पर हल्दी के दाग लग गए हैं। अनन्या ने हल्दी के दाग की ओर इशारा करते हुए कहा। अनन्या बस अभी जा ही रही हूं, बस थोड़ा सलाद काट दूं। वैसे भी जय 9:30 तक मेहमानों को लेकर आएगा। डाइनिंग टेबल भी तैयार है।

ठीक 9:30 बजे जय अपने बॉस और बाकी के डेलीगेट्स के साथ घर में प्रवेश किया। उसने सबसे पहले अपनी मां से परिचय कराया फिर अनन्या से, तभी विभा एक ट्रे में पानी के गिलास लेकर आई। जय ने अपने बॉस से कहा- यह मेरी भाभी विभा गुप्ता हैं। यह फाइनेंस डिपार्टमेंट में इनफॉर्मेशन असिस्टेंट हैं।

विभा ने दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया। खाना तैयार है जय सबको डाइनिंग टेबल पर लेकर आओ। जितने मनोयोग से विभा ने खाना बनाया, उतने ही मनुहार से वह सबको खिला भी रही थी। अनन्या खाना सर्व करने में उसकी मदद कर रही थी। खाना खाकर सब लोग गेस्ट रूम में आ गए। जय के बॉस ने तारीफों के पुल बांधते हुए कहा- जय खाना बहुत-बहुत स्वादिष्ट बना था। तुम्हारी पत्नी के हाथ में अन्नपूर्णा विराजती है।

विभा का दिल बैठ गया। बॉस ने आगे कहना जारी रखा- घर को इतने सुंदर तरीके से मैनेज किया है कि तारीफ करने के लिए शब्द भी कम हैं। खुद भी तो कितनी प्रभावशाली लग रही हैं। संयुक्त परिवार में सब से तालमेल बिठाना, एक सुघड़ गृहणी का ही काम है। कामकाजी स्त्रियां अपने हिस्से का टिफिन बना कर चली जाती हैं। उनकी मजबूरी है वो घर में वक्त नहीं दे पाती हैं। विभा जी आप लकी हैं, जो अनन्या जैसी देवरानी मिली है जिसकी वजह से आप नौकरी कर पा रही हैं। वरना कामकाजी स्त्रियां से न घर संभलता है और न ही बाहर के काम।विभा मौके की नजाकत देखकर चुप रही। वह कुछ नहीं बोली, उसका गला रुंध गया। आज उसने एक मिनट के लिए भी आराम नहीं किया। सारा दिन काम में लगी रही पूरा खाना उसने खुद बनाया। खाना परोसने में अनन्या ने जरा सा हाथ क्या बंटा दिया, सारा श्रेय उसे ही मिल गया।

भाभी की मनोस्थिति जय से छिपी नहीं थी। वह कुछ बोलने को उद्धत हुआ ही था कि विभा ने आंखों के इशारे से मना कर दिया। मेहमानों के जाने के बाद वह सीधे विभा के पास पहुंचा-भाभी आपने मुझे क्यों रोका? बॉस को बताना था ना यह सारा खाना और व्यवस्था आपने अकेले की है।


कोई बात नहीं जय। हम सब परिवार के सदस्य हैं। क्या हुआ जो तारीफ अनन्या के हिस्से आई। यह पहली या आखरी बार नहीं है। कामकाजी स्त्रियों को हमेशा से घर के मोर्चे पर कमतर ही समझा जाता रहा है। लोगों को गलतफहमी होती है कि हम घर से ज्यादा तवज्जो बाहर के कामों को देते हैं, लेकिन सच यह है कि हम दोनों जगह पर युद्ध स्तर की तरह पिसते हैं। दोनों स्तरों पर संतुलन बना रहे इसकी पूरी कोशिश करते हैं। तू दिल छोटा मत कर। इस बेरुखी के हम आदी हैं। तेरा प्रमोशन हो जाए तो किसी अच्छे से रेस्टोरेंट में पार्टी दे देना। विभा मुस्कुराती हुई डायनिंग टेबल से बर्तन समेटने लगी।

### आगे बढ़ी बात: आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम, भाजपा व जन कल्याण पार्टी सीटों के बंटवारे पर राजी

# लोस चुनाव में 17+6+2 का फॉर्मूला तय, विस में TDP के लिए 145 सीटें

■ शाह, नायडू व पवन के बीच हुई बैठक में बनी सहमति

एजेंसी | नई दिल्ली





आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा अपने लिए 370 व राजग के लिए 400 सीटें हासिल करने लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। पार्टी इसके लिए विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर समझौता कर रही है। साथ ही उनको राजग में भी शामिल कर रही है। इसी कड़ी में आंध्र प्रदेश में भाजपा,तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जन सेना पार्टी ने गठबंधन करने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत के बाद तीनों दलों ने गठबंधन पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जन सेना मिलकर आंध्र प्रदेश में लगभग आठ लोकसभा और 30 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि टीडीपी , भाजपा और जेएसपी के बीच "17+6+2" का फॉर्मूला तय हो गया है।

ज्ञात रहे कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे।

### 2018 तक राजग में शामिल थी टीडीपी

टीडीपी के एन चंद्रबाबू नायडू 2018 तक भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का अभिन्न अंग थे। लेकिन बाद में वे अलग हो गए। अब गठबंधन को फिर से मजबूत करने की संभावना तलाश रहे हैं। नई दिल्ली में सीटों के बंटवारे को लेकर हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो तीनों दलों ने सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय कर लिया है। अगले एक या दो दिनों में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

### विधानसभा चुनाव में की भाजपा व जेएसपी को तीस सीटें संभव

सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती चर्चा सीट-बंटवारे की व्यवस्था के इर्द-गिर्द घूमती रही। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों में से भाजपा और जेएसपी कथित तौर पर 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सहमत हो गए हैं। हालांकि जेएसपी अधिक सीटों की मांग कर रही है। इस बीच, टीडीपी ने साफ कर दिया है कि वह 145 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

### भाजपा की एक अतिरिक्त लोकसभा सीट में है रुचि

टीडीपी और जेएसपी के बीच बैठक के दौरान भाजपा की रुचि विजाग, विजयवाड़ा, अराकू, राजमपेट, राजमुंदरी, तिरूपति और एक अतिरिक्त स्थान सहित प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों को सुरक्षित करने में रही। आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य ने सफलता हासिल करने के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन को महत्वपूर्ण मानते हुए एनडीए के विस्तार के प्रयासों को प्रेरित किया है। ज्ञात रहे कि आंध्र प्रदेश के अलावा भाजपा, ओडिशा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल (बीजेडी) के साथ भी चुनावी समझौते पर विचार कर रही है।

### देश का एक्स-रे होगी जातिगत जनगणना: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना कराने के अपनी पार्टी के संकल्प को रेखांकित किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन है। कितने हैं और किस स्थिति में हैं। क्या यह सब गिनना जरूरी नहीं है।इसलिए हम आने वाले समय में दो ऐतिहासिक दम उठाने वाले हैं। जाति जनगणना और आर्थिक स्थिति को समझेंगे। जिसके जरिए हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को उखाड़ देंगे। यह कदम देश का एक्स-रे करेगा और सभी को सही आरक्षण, अधिकार और हिस्सेदारी देगा। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में जाति सर्वेक्षण से पता चला कि 88 प्रतिशत गरीब आबादी दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों से आती है। बिहार के आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक हैं।

### जीत के लिए आश्वस्त तो बार-बार दौरे क्यों: अधीर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अधीर रंजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल दौरे को लेकर तंज कसा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा बंगाल में बढ़ते समर्थन के बारे में आश्वस्त है, तो पीएम नरेंद्र मोदी को बार-बार राज्य का दौरा करने की जरूरत क्यों पड़ रही है। अधीर रंजन ने कहा कि प्रत्येक राज्य में स्थिति का आकलन करने और निर्णय लेने से पहले संबंधित इकाइयों के साथ चर्चा करने में समय लगता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीट बंटवारे के संबंध में घोषणा सही समय पर की जाएगी, जिससे संकेत मिलता है कि कोई जल्दबाजी नहीं है और कांग्रेस आगामी चुनावों के लिए तैयार है।

### पीएम ने असम, पश्चिम बंगाल व अरुणाचल प्रदेश को दी सौगात, कहा-

# कांग्रेस ने दशकों तक पूर्वोत्तर की अनदेखी की, हम कर रहे विकास

■ 'अहोम सेनापति' लचित बोरफुकन की 125 फीट ऊंची कास्ट प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी | जोरहाट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर दशकों तक पूर्वोत्तर की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि विकसित भारत के उद्देश्य को पूरा करने के लिए क्षेत्र का विकास महत्वपूर्ण है।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार के इन प्रयासों के बीच कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन क्या कर रहे हैं, यह आपको पता है। अतीत में जब हमारे बॉर्डर पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना चाहिए था, तब कांग्रेस की सरकारें घोटाले करने में व्यस्त थी।

कांग्रेस हमारे सीमा के गांवो को अव्यवस्थित रखकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही थी। पूर्वोत्तर के विकास पर हमने जितना निवेश बीते 5 वर्ष में किया है, जितना काम किया है। इतना ही काम करने के लिए कांग्रेस को 20 साल लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अस्ट लक्ष्मी का रहा है।

पीएम मोदी ने असम में जोरहाट में मेलेंग मेतेली पोथार, पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कही।




### पीएम मोदी ने इन कार्यक्रमों में लिया भाग

- असम-काजीरंगा में हाथी व जीप की सफारी
- लाचित बोरफुकन की प्रतिमा का अनावरण
- असम को 17,750 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास
- अरुणाचल प्रदेश--सेला सुरंग का उद्घाटन। कई परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण
- पश्चिम बंगाल- सिलीगुड़ी- 4,500 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन। राधिकापुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

### असम में ऐतिहासिक परिवर्तनों की नींव रखी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोरहाट में एक सभा में कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि 2014 के बाद असम में कई ऐतिहासिक परिवर्तनों की नींव रखी गई। असम में 2.50 लाख भूमिहीन मूल निवासियों को जमीन के अधिकार दिए गए। आजादी के बाद 7 दशकों तक चाय बागान में काम करने वाले मजदूरों को बैंकिंग सिस्टम से नहीं जोड़ा गया था। हमारी सरकार ने ऐसे करीब 8 लाख वर्कर्स को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना शुरू किया। जिसका मतलब है कि उन वर्कर्स को सरकारी योजनाओं की मदद भी पहुंचने लगी है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व गति दिखाई है। पीएम मोदी ने कहा कि आज असम के मेरे साढ़े 5 लाख परिवारों का अपनें पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है।



### कौन हैं लाचित बोरफुकन

लाचित बोरफुकन अहोम साम्राज्य के एक महान सेनापति थे। उन्हें 1671 की सरायघाट के युद्ध में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने राजा रामसिंह-प्रथम के नेतृत्व वाली शक्तिशाली मुगल सेना के असम को वापस लेने के प्रयास को विफल कर दिया था। 16.5 एकड़ में फैले इस क्षेत्र को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### राम वनजी सुतार ने प्रतिमा की निर्मित

- 84 फीट ऊंची है प्रतिमा
- 41 फीट के पेडेस्टल पर की गई है स्थापित
- 125 फीट कुल ऊचाई है प्रतिमा की
- 2022 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रखी प्रतिमा की नींव

## हमने विकास के लिए पैसे भेजे, TMC ने अपने ही लोगों को बांट दिए

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूरे विश्व में प्रसिद्ध असम के चाय के बागानों का भ्रमण किया और चाय मजदूरों की कड़ी मेहनत की सराहना की। बाद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर बंगाल का एक क्षेत्र हमारे उत्तरी पूर्वी राज्यों का द्वार है और यहां से पड़ोसी देशों के साथ व्यापार के रास्ते भी जाते हैं। उत्तरी बंगाल का विकास भी हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। हमने मनरेगा की मजदूरी का पैसा दिल्ली से भेजा, लेकिन यहां की टीएमसी सरकार ने अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड बनाकर दे दिए।

### लोगों के उत्थान के लिए काम कर रहा हूं- मोदी

सिलीगुड़ी में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं जिस तरह का जीवन जीकर यहां आया हूं मैंने देश की अनेकों माताओं को छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हुए देखा है, इसलिए मैं शौचालय, नल से जल, मुफ्त बिजली कनेक्शन, बैंक का खाता, प्रेग्नेंसी के समय आर्थिक मदद, ऐसी हर बात पर जोर दे रहा हूं।

## पूर्वोत्तर के लिए मिशन पाम ऑयल

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अस्ट लक्ष्मी का रहा है। हमारा पूर्वोत्तर दक्षिण एशिया और पूर्व एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य रिश्तों की एक-एक मजबूत कड़ी बनने जा रहा है। आज भी यहां एक साथ 55,000 करोड़ रुपए से अधिक के परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, पूर्वोत्तर को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विशेष तौर पर 'मिशन पाम ऑयल' की शुरुआत की थी। आज इसी मिशन के तहत पहली ऑयल मिल का लोकार्पण हुआ है। ये मिशन भारत को खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर तो बनाएगा ही साथ ही यहां के किसानों की भी आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा, पूरे देश में विकसित राज्य से विकसित भारत का 'राष्ट्रीय महोत्सव' मनाया जा रहा है।

### लालू के बयान पर फिर दिया जवाब

विपक्षी गठबंधन के सदस्य लालू यादव को लेकर पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन के परिवारवादी नेताओं ने मोदी पर हमले बढ़ा दिए हैं और आजकल वो पूछ रहे हैं कि मोदी का परिवार कौन है। गाली देने वालों कान खोलकर सुन लो- अरुणाचल के पहाड़ों में रहने वाला हर परिवार कह रहा है कि ये मोदी का परिवार है।

### मध्य प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पचौरी समेत कई नेता भाजपा में शामिल

एजेंसी | भोपाल



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं को पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने का सिलसिला जारी है। अब पार्टी को मध्य प्रदेश में बड़ा सियासी झटका लगा है। वहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी और पूर्व विधायकों सहित कई अन्य लोग शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, राजूखेड़ी और अन्य नेता सुबह पार्टी के राज्य मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। इनके अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, अर्जुन पलिया, विशाल पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले पचौरी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री (रक्षा उत्पादन और आपूर्ति) रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे चुके हैं। पचौरी पहले कांग्रेस में कई प्रमुख पदों पर रहे थे, जिसमें पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का पद भी शामिल था। वह युवा कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी रहे। प्रमुख आदिवासी नेता राजूखेड़ी कांग्रेस के टिकट पर धार (अनुसूचित जनजाति) लोकसभा सीट से तीन बार – 1998, 1999 और 2009 में सांसद चुना गए थे। कांग्रेस में शामिल होने से पहले, वह 1990 में भाजपा विधायक के रूप में चुने गए थे।

### भगवान उनका भला करे भार उतरा: जीतू पटवारी

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को कहा कि सुरेश पचौरी ने इस्तीफा दिया और भाजपा शामिल हो गए। उन्हें मेरी शुभकामनाएं है। भगवान करें वो भीड़ का हिस्सा न बने। पटवारी ने कहा कि सुरेश पचौरी को सर्वाधिक दिया है। भगवान उनका भला करें, भार उतरा। पटवारी ने आगे कहा कि नेता चले जाते हैं, लेकिन वोट नहीं जाते है। कार्यकर्ता नहीं जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेता है, उनको समझाने की जरूरत नहीं है।

## MLC: BJP के UP में 7 व बिहार में 3 प्रत्याशी घोषित

एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में 13 सीटों के लिए होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पार्टी ने सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने बिहार विधान परिषद के लिए भी तीन प्रत्याशियें के नामों का भी ऐलान किया है। इनमें मंगल पाण्डेय, डॉ. लाल मोहन गुप्ता और अनामिका सिंह शामिल हैं। बिहार में कुल 11 सीटों पर चुनाव होना है। दोनों राज्यों में एमएलसी चुनाव 21 मार्च को होने हैं और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 11 मार्च है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की जो 13 सीटें खाली हो रही हैं। उनमें से 10 सीटें भाजपा के पास हैं, वहीं सपा, बसपा और अपना दल (एस) की एक-एक सीट है।

### तमिलनाडु: भाजपा के खिलाफ मोर्चाबंदी

# कांग्रेस-डीएमके में सीटों के बंटवारे पर सहमति, कमल हासन भी आए साथ

■ कांग्रेस को तमिलनाडु की 9 व पुडुचेरी की एक सीट मिली

एजेंसी | नई दिल्ली/चेन्नई




तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस में सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। डीएमके ने कांग्रेस के लिए 2019 के फॉर्मूले को दोहराते हुए शनिवार को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए राज्य की नौ सीटें, जबकि पड़ोसी राज्य पुडुचेरी की एक सीट आवंटित की है। इसके साथ इससे ही अभिनेता कमल हासन डीएमके नीत गठबंधन में शामिल हो गए हैं और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को अपना समर्थन दे दिया। इससे दक्षिण में अपने लिए मजबूत जगह की तलाश में जुटी भाजपा के लिए तमिलनाडु में चुनौती और बढ़ गई है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और टीएनसीसी प्रमुख के सेल्वापेरुन्थागई ने कांग्रेस नेताओं केसी वेणुगोपाल और अजॉय कुमार की मौजूदगी में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया। वेणुगोपाल ने बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के तमिलनाडु और पुडुचेरी में सभी 40 सीटें जीतने का भरोसा जताया और कहा कि कांग्रेस और डीएमके के बीच 'बंधन' बरकरार है। तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीटें हैं। ज्ञात रहे कि द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन पहले से है। उन्हें बस सीटों के बंटवारे पर फैसला करना था। द्रमुक विपक्ष के इंडिया गठबंधन का भी हिस्सा है। तमिलनाडु में द्रमुक ने कांग्रेस के साथ 2019 के आम चुनाव में और 2021 के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की थी। इंडिया गठबंधन के प्रमुख वास्तुकारों में से एक माने जाने वाले एमके स्टालिन की डीएमके 2019 की जीत को दोहराने की इच्छुक है।

### इन दलों से भी हो चुकी सहमति

स्टालिन की पार्टी डीएमके ने भाकपा और माकपा को दो-दो सीटें दी हैं। साथ ही उसने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और कोंगु देसा मक्कल काची को एक-एक सीट दी है। विदुथलाई चिरुथिगल काची को भी दो सीटें दी गई हैं।

### कमल हासन की पार्टी से राज्यसभा की सीट का वादा

इससे पहले डीएमके नीत गठबंधन में अभिनेता कमल हासन शामिल हो गए और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को अपना समर्थन दे दिया। वहीं, डीएमके ने कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट देने का वादा किया। कमल हासन और स्टालिन ने डीएमके मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में समझौते को अंतिम रूप दिया था।

### मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा: कमल हासन



कमल हासन ने कहा कि वे देश के कल्याण के लिए डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुए हैं। कमल हासन ने कहा, मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैं देश के लिए डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुआ हूं, किसी पद के लिए नहीं। मैं गठबंधन को अपना पूरा समर्थन देता हूं। सूत्रों ने कहा कि एमएनएम तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की एक मात्र सीट पर गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करेगी

## जरूरी खबर

### बैंक कर्मियों के वेतन में सालाना 17 % की वृद्धि होगी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ से लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। भारतीय बैंक संघ और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर सालाना 8,284 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस बीच ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि महीने के सभी शनिवार को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है।

### बारामती से चुनाव लड़ेंगी सुप्रिया सुले: शरद पवार

**पुणे।** एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को सांसद सुप्रिया सुले को महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया। गौरतलब है कि अटकले लगाई जा रही है कि राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को उनके खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं। पुणे जिले की भोर तहसील में महा विकास अघाडी द्वारा आयोजित एक रैली के दौरान शरद पवार ने यह घोषणा की। इस दौरान कार्यक्रम में एमवीए के सहयोगी दल शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत भी मौजूद थे।

### देश के दूसरे निजी रॉकेट का इसी माह प्रक्षेपण

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमास इस महीने के अंत में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्राइवेट लॉन्चपैड से अपना 3डी प्रिंटेड रॉकेट अग्निबाण एसओआरटीईडी लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अग्निकुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में यह घोषणा की है। पिछले साल अगस्त में अग्निकुल ने श्रीहरिकोटा में अपने प्राइवेट लॉन्चपैड पर अग्निबाण सबऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डिमॉन्स्ट्रेटर को एकीकृत करने की प्रक्रिया शुरू की थी। हैदराबाद की अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस, सब-ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-एस लॉन्च करने वाली भारत की पहली प्राइवेट कंपनी बन गई थी। अग्निकुल के 3डी-प्रिंटेड पेटेंटेड अग्निलेट इंजन, छह किलोन्यूटन सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित है।

## काजीरंगा में पीएम मोदी की जंगल सफारी





*गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में जंगल सफारी के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने जीप से काजीरंगा की प्राकृतिक खूबसूरती को देखा। इसके बाद पीएम ने हाथी की सवारी भी की प्रधानमंत्री ने यहां नेशनल पार्क की। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात की।*





## किसान आंदोलन: राजस्थान समेत पांच राज्यों में बढ़ाई सतर्कता

# किसानों का रेल रोको आज... जंतर मंतर पर कड़ी मोर्चाबंदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

किसान आंदोलन रविवार से फिर गरमाने की संभावना है। किसान संगठनों ने दस मार्च को चार घंटे तक रेल रोकने का आह्वान किया है। उसके बाद 14 मार्च को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करने की बात कही है।

किसानों की घोषणा और उनके आंदोलन को लेकर मिल रहे खुफिया चेतावनी के मद्देनजर दिल्ली में सतर्कता बढ़ाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं।

साथ ही इस रणनीति के तहत काम कर रही हैं कि राजधानी दिल्ली की ओर बढ़ रहे किसानों को जंतर मंतर तक नहीं पहुंचने दिया जाए। हालांकि इस बार किसानों की बिना ट्रैक्टर के ही दिल्ली पहुंचने की योजना है। खुफिया एजेंसी के अलर्ट पर रेल, मेट्रो और दूसरे सार्वजनिक परिवहन के साधन पुलिस के रडार पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी से लगते बॉर्डर पर विशेष निगरानी की जा रही है। बॉर्डर के आसपास ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां पर किसान ठहर सकते हैं। दिल्ली में किसानों के ठहरने के संभावित स्थानों पर भी पुलिस तैनात है।



### शंभू-खनौरी बॉर्डर पर डटे हैं किसान

सूत्रों का कहना है कि इस बार पुलिस के लिए किसानों को संभालना एक बड़ी चुनौती है। वजह, वे ट्रैक्टर से दिल्ली नहीं आ रहे हैं। हरियाणा-पंजाब के हजारों किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। वहां से किसानों की एक बड़ी संख्या, दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी है। राजस्थान और मध्यप्रदेश से भी किसानों के दिल्ली पहुंचने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार किसान नेताओं की ओर से किसानों को सार्वजनिक परिवहन की बसों, रेल व मेट्रो के जरिए, दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंचने के लिए कहा गया है। दिल्ली पहुंचने के लिए किसानों ने निजी परिवहन, मसलन कार, जीप व छोटी बसों का भी प्रबंध किया है।

### पीएम व गृह मंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ाई

खुफिया अलर्ट के बाद हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, यूपी और राजस्थान पुलिस को सतर्क किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों की बड़ी संख्या दिल्ली की तरफ न आने पाए। आशंका है कि किसान प्रधानमंत्री आवास, केंद्रीय गृह मंत्री के आवास और दूसरे वीवीआईपी के घरों के सामने प्रदर्शन कर सकते हैं। ऐसे में वहां पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## आयोग J&K की स्थिति का लेगा जायजा

# लोस चुनावों की घोषणा 15 मार्च तक संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में आम चुनावों की घोषणा गुरुवार व शुक्रवार तक होने की संभावना है। चुनाव आयोग सोमवार से बुधवार तक जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। यह दौरा इस बात का आकलन करने के लिए हो रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कब हो सकते हैं? सूत्रों ने बताया कि इस दौरे के तुरंत बाद लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित की जा सकती हैं। केंद्र ने चुनाव आयोग से इस बात का आकलन करने के लिए कहा है कि क्या जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकते हैं? बुधवार को दौरा समाप्त हो जाए तो आयोग गुरुवार या शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर सकता है। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसीलिए घोषणा से पहले पार्टियां युद्धस्तर पर वादे कर रही हैं और परियोजनाओं का उद्घाटन कर रही हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर में चुनावों का सवाल है, चुनाव आयोग को सुरक्षा प्रतिष्ठानों ने हालात की पूरी जानकारी दी है। जम्मू और कश्मीर में अंतिम विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। साल 2019 में आर्टिकल 370, को रद्द कर दिया गया था। इसके साथ राज्य को विभाजित भी कर दिया गया था।




**30 सितंबर तक चुनाव कराने के हैं निर्देश:** पिछले साल दिसंबर में आर्टिकल 370 को हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान एससी ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## अंतरराष्ट्रीय रैकेट से जुड़े हैं तार

# 2,000 करोड़ की ड्रग्स तस्करी मामले में द्रमुक नेता गिरफ्तार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने दो हजार करोड़ से अधिक के अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी रैकेट की जांच के सिलसिले में शनिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया।

सूत्रों ने बताया कि ईडी जल्द ही एनसीबी के इस मामले का संज्ञान लेकर रैकेट की जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करेगी। 36 वर्षीय सादिक को खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। वह भारत से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और मलेशिया में फैले अंतरराष्ट्रीय 'स्यूडोएफेड्राइन' तस्करी रैकेट का 'मास्टरमाइंड और सरगना' है।

### सादिक को तस्करी से मिलता है कट

एनसीबी अधिकारियों के अनुसार, सादिक को मादक पदार्थों की तस्करी से प्रति किलोग्राम एक लाख रुपये 'कट' (कमीशन) मिलता था। उसने ड्रग्स तस्करी से अर्जित धन को फिल्म निर्माण, रियल एस्टेट सहित अन्य कारोबार में लगाया। उसने चेन्नई में एक होटल भी बनाया। जब ज्ञानेश्वर सिंह से पूछा गया कि क्या कोई राजनेता एजेंसी की जांच के दायरे में है, तो उन्होंने कहा कि हम इस मामले की गहनता से जांच करेंगे। इस बीच सूत्रों ने बताया कि इस मामले में एक हाई-प्रोफाइल द्रमुक नेता को जल्द ही पूछताछ के लिए एनसीबी द्वारा बुलाया जा सकता है।

## भारत-बांग्लादेश के सीमा बलों की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बलऔर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश(बीजीबी) के बीच द्वि-वार्षिक महानिदेशक स्तर की वार्ता हुई। बैठक में बांग्लादेश के साथ लगी 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ कर्मियों पर हमले की घटना को रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमति बनीं। बैठक ढाका के पिलखाना स्थित बीजीबी मुख्यालय में 5-9 मार्च के बीच हुई।

बीजीबी डीजी मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## शहीद मेजर की बेटी बनी लेफ्टिनेंट



*चेन्नई। उग्रवाद विरोधी अभियान में अपने पिता मेजर नवनीत वत्स को खोने वाली इनायत वत्स शनिवार सेना में शामिल हो गईं। देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के साथ हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए भारतीय वायुसेना के एक पायलट की पत्नी यश्विनी ढाका और किसान परिवार की एक सिविल इंजीनियर ने चेन्नई में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षण पूरा कर अधिकारी बनीं।*

## संरचना तैयार, रेल मंत्री ने किया उद्घाटन

# जल्द ही पटरियों पर दौड़ेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय रेलवे के इतिहास में 9 मार्च, 2024 की तारीख सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के कारबॉडी स्ट्रक्चर का शनिवार को उद्घाटन किया।

इस ट्रेनसेट का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ने बेंगलुरु में स्थित अपनी रेल यूनिट में किया है। इसे वंदे भारत के 160 स्लीपर डब्बे (10 ट्रेनसेट) बनाने का ठेका मिला है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वैष्णव ने कहा, यह ट्रेन यात्रियों को सुलभ आवाजाही मुहैया कराएगी और भविष्य में कई सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नए युग की इस ट्रेन में वर्तमान में चल रही मेल या एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में बेहतर सुरक्षा सुविधाएं हैं। वैष्णव ने कहा, अन्य विकसित देशों में इसी तरह की सुविधाओं वाले एक कोच की विनिर्माण लागत करीब दस करोड़ रुपये आती है। हालांकि, एक वंदे भारत स्लीपर कोच की लागत करीब 8-9 करोड़ रुपए आती है।





### पहले ट्रेनसेट के पांच-छह महीने तक होंगे परीक्षण

रेल मंत्री ने बताया,अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है। हम पहले ट्रेनसेट का पांच से छह महीने तक परीक्षण करेंगे और उसके बाद ही इसे लॉन्च किया जाएगा। स्लीपर ट्रेन उसी तकनीक पर आधारित है, जिस पर चेयर कार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्लीपर ट्रेन में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यात्रियों के ट्रेन में आसानी से प्रवेश करने के लिए सीढ़ी के फुट एरिया में सुधार किया गया है। शौचालयों में नया डिजाइन किया गया है और बेहतर एयर कंडीशनिंग है। नई तकनीक के साथ बेहतर सीट हैं। ऑक्सीजन का स्तर बनाए रखा जाएगा और 99.99 फीसदी वायरस समाप्त हो जएंगे।

### सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन

रेल मंत्री ने बताया कि कारबॉडी स्ट्रक्चर हाई-ग्रेड ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील से तैयार की गई है। इसमें कड़े सुरक्षा मानकों का पालन हुआ है। अग्नि शामक उपायों का पूरा ध्यान रखा गया है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें अपने अंदरूनी हिस्सों, स्लीपर बर्थ और बाहरी सौंदर्य में भी आकर्षक हैं। फ्रंट नोज कोन से लेकर आंतरिक पैनल, सीटों और लाइटों को मानकों का ध्यान रखते हुए डिजाइन किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने स्वदेशी रूप से विकसित 2.4 टीबीपीएस राउटर के लिए निवेटी सिस्टम्स की भी सराहना की। उन्होंने इसे देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में देश में ऐसे हजारों उत्पाद तैयार होंगे।

## नौसैन्य कमांडरों का सम्मेलन

# अपनी युद्ध क्षमताओं को और मजबूत करेगी नौसेना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने समुद्र में देश के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा की है और रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपों समेत अपनी युद्ध क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। नौसेना ने शनिवार को एक बयान में बताया कि नई दिल्ली में हुए सम्मेलन में प्रमुख रूप से परिचालन, सामग्री, बुनियादी ढांचे और रसद संबंधी पहलों की समीक्षा की गई। नौसेना कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें समुद्री ताकत को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। नौसेना सम्मेलन का प्रारंभिक सत्र पांच मार्च को विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर हुआ था।

**सुरक्षा चुनौतियों का आकलन किया साझा:** इसके अलावा नौसेना नेतृत्व ने समुद्र में मौजूदा और भावी चुनौतियों को कम करने के लिए द्वीप क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने समेत वर्तमान और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। नौसेना ने कहा, भारतीय सेना और वायु सेना के प्रमुखों ने नौसेना कमांडरों के साथ राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपने आकलन और सुरक्षा चुनौतियों को साक्षा किया।

**अभियान: लोगों को कर रहे जागरूक, हजारों किलो काष्ठ रोजाना हो रही तैयार**

# इस बार होली पर्यावरण फ्रेंडली, गो काष्ठ से दहन करेंगे जयपुराइट्स

बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स इस बार पर्यावर्रण फ्रेंडली होली मनाएंगे। इसके लिए गो काष्ठ से होलिका दहन करेंगे, ताकि पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचे और वायु पॉल्युशन भी न के बराबर हो। इसके लिए गुलाबी नगरी में अभियान चलाया गया है, जिसके तहत जयपुराइट्स से गो काष्ठ से होलिका दहन करने की अपील की जा रही है और उनको जागरूक किया जा रहा है। होली पर पर्यावरण को बचाने व गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास भी होगा। श्रीपिंजरापोल गोशाला सांगानेर की ओर से अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत गो काष्ठ के द्वारा होलिका दहन का नागरिकों से निवेदन किया जा रहा है। गौरतलब है कि श्रीपिंजरापाल गौशाला सांगानेर में गाय के गोबर से गौ काष्ठ बनाने का काम इन दिनों दिन-रात चल रहा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा गो काष्ठ तैयार की जा सके।



## 4 फीट की बनती है गो काष्ठ

श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर के व्यवस्थापक राधेश्याम विजयवर्गीय ने 'सच बेधड़क' को बताया कि गोशाला में गो काष्ठ बनाने के लिए 5 यूनिट्स चालू हैं। इनमें मशीन में गाय के गोबर को डाला जाता है और लगभग 4 फीट की गो काष्ठ बनकर बाहर निकलती है। इसे धूप में सुखाने के बाद आसानी से काम में लिया जा सकता है। लगभग 20 हजार किलो गो काष्ठ रोजाना बनाई जा रही है। होलिका दहन में गो काष्ठ के उपयोग से पेड़ों की अवैध कटाई बंद होगी, जिससे पर्यावरण स्वच्छ होगा। काष्ठ से होलिका दहन के कारण गोशालाएं भी आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होंगी। लकड़ी के मुकाबले गो काष्ठ लगभग 60 प्रतिशत सस्ती है।

## एडवांस बुकिंग की भी सुविधा

होलिका दहन लिए गो काष्ठ की एडवांस बुकिंग भी की जा सकती है। दहन के दिन जयपुर में निर्धारित स्थान पर 150 किलो गो काष्ठ गोशाला द्वारा पहुंचाई जाएगी। बुकिंग 20 मार्च तक मान्य है। प्रबंधक ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए जनता में जागरूकता आए इसलिए काष्ठ का प्रचलन बढ़ रहा है। पंजाबी समाज के लोहड़ी पर्व के अवसर पर भी गो काष्ठ का उपयोग किया गया था। अंतिम संस्कार के लिए आदर्श नगर व चांदपोल श्मशान घाट में गो काष्ठ का उपयोग हो रहा है।





## भगवान का किया गुणगान




**बेधड़क. जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र गैटेश्वर कला संस्थान की ओर से नगर निगम के सहयोग से 57वें गैटेश्वर संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूना, मुंबई, दिल्ली, बीकानेर, सीकर, नागौर के अलावा स्थानीय कलाकारों ने गीत-संगीत की स्वर लहरियां बिखेरीं। संस्था मंत्री ओपी चांडक ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत जुगल सैनी की गणेश वंदना से हुई। पूना की सानिया पाटणकर ने शास्त्रीय संगीत, गायिका शोभा जोशी ने सुगम संगीत की रचनाएं पेश की। जयपुर की उभरती बाल कलाकार आकांक्षा राव ने रंगीला शम्भू गोरा, होली आई रे कन्हाई गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। रामस्वरूप और सांवरमल ने लोक संगीत की जोरदार प्रस्तुति दी। परमेश्वर कत्थक ने तबले पर, मनभावन डांगी ने वायलिन पर, पवन बालोदिया ने गिटार पर, अनुपम ने ओक्टोपेड पर थे। विशिष्ट अतिथियों में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, संस्था अध्यक्ष आशा गोलेछा, पूर्व शिक्षा मंत्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व उपमहापौर मनोज भारद्वाज, पूर्व पार्षद अशोक पंडया, स्नेहलता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शो में ली फूलों की जानकारी

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने फ्लावर शो और ट्रे गार्डन में फूलों के दीदार किए और उनके बारे में जानकारी ली। मौका था तिलक नगर के महर्षि भृगु सदन में शो का, जिसमें अन्य चीजों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यहां कोई भी आकर फ्री एंट्री लेकर फूलों आदि के बारे में जान सकता है। रविवार को भी फूल प्रेमी प्रदर्शनी में एंट्री लेंगे, जिसे लिए सुबह 10 से शाम 4 बजे का समय रखा गया है।

## रतनलाल छाबड़ा को श्रद्धांजलि




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. रतनलाल छाबड़ा के निधन पर सभा द्वारा भट्टारकजी की नसियां में श्रद्धांजलि सभा में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने कहा कि स्व. रतनलाल छाबड़ा ने जीवन पर्यन्त कभी भी नाम, पद, सम्मान को जीवन में नहीं उतारा। सादा जीवन उच्च विचार के धनी रहे। राजस्थान जैन सभा जयपुर की स्थापना से ही वे राजस्थान जैन सभा के पर्याय बन चुके थे। सभा के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द गंगवाल ने सन्देश को पढ़कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन जैन व उपाध्यक्ष मुकेश सौगानी ने कहा कि छाबड़ा ने सदैव समाज सुधार के कार्य को महत्व दिया।

# City इवेंट्स

## जैन बंधुओं ने खेली फूलों की होली



**बेधड़क. जयपुर।** जैन युवा और महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से भट्टारक जी की नसियां में समाज के श्रेष्ठीजनों के लिए होली मिलन समारोह रखा गया। इसमें समाज के लोगों ने फूलों की होली खेली। समारोह में श्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर कार्याध्यक्ष प्रमोद-नीना पहाड़िया मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन धर्म संरक्षिणी महासभा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, समाजसेवी अशोक जैन नेता, राजीव जैन गाजियाबाद, विनय सोगानी, धर्म चन्द पहाड़िया, आलोक तिजारिया, विनोद तिजारिया, महावीर कसेरा विशिष्ट अतिथि रहे। श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर अध्यक्ष महेश काला, कमल बाबू जैन, सुरेश सोनी, रवि प्रकाश जैन, सीएस जैन आदि ने एंजॉय किया।

## रामगढ़ लेक अवेयरनेस ड्राइव आज



**बेधड़क. जयपुर।** रामगढ़ झील के जीर्णोद्धार के लिए रविवर को अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा, जिससे लोगों में इसके लिए जागरुकता आए। 'स्ट्राइव टू रिवाइव रामगढ़ लेक' नाम से ड्राइव शहर के नागरिकों के एक समूह द्वारा शुरू की गई पहल है, जिसका उद्देशय झील के सांस्कृतिक, पारिस्थितिक और पर्यावरणीय मूल्य को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम के तहत विंटेज जीप ड्राइव का आयोजन होगा। 100 से अधिक आर्टिस्ट्स और फोटोग्राफर्स रामगढ़ झील को उसकी वर्तमान स्थिति में चित्रों और तस्वीरों से प्रदर्शित करेंगे। द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के 6 होटलों द्वारा प्रोग्राम में कई होटल्स शामिल हैं। राजपूताना जीप क्लब की ओर से इस ड्राइव के लिए 20 से अधिक विंटेज जीपों को सुबह 8.45 बजे राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा सिटी पैलेस से हरी झंडी दिखाकर रामगढ़ झील के लिए रवाना किया जाएगा। ड्राइव का रूट अल्बर्ट हॉल से शुरू होकर सिसौदिया रानी का बाग, जामडोली, नायला गांव होते हुए रामगढ़ झील तक रहेगा। कलात्मक प्रयासों के अतिरिक्त, आईएचसीएल होटल्स द्वारा 'बैलूनिंग' गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। पहल शुरू करने के पीछे दुष्यंत सिंह नायला, हेमेंदर सिंह वेदसा, नीरू सलूजा, छवि राजावत, रक्षत हूजा, आयुष सिंह घणेराव, इंद्र विजय सिंह, विनय शर्मा, हर्षी अग्रवाल, सत्य नारायण सिंह आदि शामिल हैं।

**'संजीवनी' के पोस्टर का विमोचन**

## पर्यावरण पर संगीत, नाटक और ललित कला महोत्सव



बेधड़क | जयपुर

पर्यावरण आधारित 3 दिवसीय राष्ट्रीय 'संजीवनी' कला महोत्सव का आयोजन 10,13 व 20 मार्च को अजमेर, जयपुर व औरंगाबाद में किया जाएगा। इसके लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। नीता उपाध्याय ने बताया कि पर्यावरण विषय पर कथक नृत्य, ध्रुपद गायन, सितार वादन और नाटकों का मंचन होगा। पोस्टर विमोचन में सीनियर आरएएस पंकज ओझा शामिल रहे। ओझा ने कहा कि प्रदेश और देश के लिए हर्ष की बात है कि ओरियन ग्रीन्स द्वारा पर्यावरण जैसे गंभीर विषय पर संगीत, नृत्य, नाटय और ललित कला को पिरोकर महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। रविवार को पहले दिन अजमेर के सतगुरु स्कूल के ऑडिटोरियम में शाम 6:45 से मधुलिका नाग द्वारा सितार वादन, मधु भट्ट तैलंग द्वारा ध्रुपद गायन, कथक गुरु मंजरी किरन के नृत्य संयोजन में कथक नृत्य, हिमालयील यूनिवर्सिटी देहरादून नाटय विभाग द्वारा अनुराग वर्मा के निर्देशन में जल शत्रु नाटक का मंचन होगा। 13 मार्च जवाहर कला केन्द्र के कृष्णायन में शाम 6:30 बजे संजीवन कथक नृत्य गुरु मंजरी किरन महाजनी के नृत्य संयोजन में और रंगायन में शाम 7 बजे अमृतसर के केवल धालीवाल के निर्देशन मं नाटक दुश्मन का मंचन किया जाएगा। वहीं 18-20 मार्च औरंगाबाद महाराष्ट्र में चित्रकला प्रतियोगिता आदि होंगे।

**पीयूष पंवार का एयरपोर्ट पर स्वागत**

## आरयू से पास आउट सिंगर जयपुर पहुंचकर हुआ भावुक



बेधड़क | जयपुर

किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने की खुशी उस वक्त दोगुनी हो जाती है, जब व्यक्ति अपनों के बीच पहुंचता है और लोग उसे सर आंखों पर बैठा लेते हैं। ऐसा ही हुआ जब सोनी चैनल द्वारा आयोजित इंडियन आइडल का हिस्सा रहे बालोतरा के पीयूष पंवार का जयपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर जब उन्हें साफा पहनाकर तिलक लगाया गया तो वे भावुक हो गए। यहां पर सत्कार के बाद कारों के काफिले के साथ मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे पंवार ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। साथ ही बालाजी और भोलेनाथ के दर्शन किए। साथ ही उनकी पढ़ाई स्थली राजस्थान यूनिवर्सिटी में भी उनके स्वागत में आयोजन किया गया। यहां राजस्थान यूनिवर्सिटी म्यूजिक संस्थान की वंदना काला, ट्रैफिक पुलिस के प्रवीण कुमार (पी के मस्त), गुरुजनों व छात्रों और छात्राओं ने पंवार का स्वागत किया। काफिला होटल ग्रांड सफारी पहुंचा, जहां ललित के पंवार, पवन गोयल, जयपुर रेडियो से आरजे देव और अन्य लोगों ने उनको आशीर्वाद दिया। वहां उनकी बालोतरा से इंडियन आइडल तक के सफर की वीडियो क्लिपिंग दिखाई गई। पंडित विश्मोहन भट्ट, सलिल भट्ट, मधु भाट, सीमा मिश्रा, संजय रायजादा, तरुण पंवार, रोशन भारती, धनंजय डांगी ने वीडियो के जरिए पीयूष को आशीर्वाद दिया और केक काटकर सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान सिंगर भावुक और रोमांचित नजर आए।

**परिचर्चा** नाट्यकला और संगीत में अंतर्संबंध विषय पर बोले विशेषज्ञ

# अलग-अलग स्वरों में संवादों को अभिव्यक्त करते हैं कलाकार

बेधड़क | जयपुर

संगीत और नाटक साथ-साथ चलते हैं। मंच पर अभिनय करते कलाकार अलग-अलग स्वरों में संवादों को अभिव्यक्त करते हैं। यहां तक कि कलाकारों के मूवमेंट के समय भी संगीत का ध्यान रखा जाता है। जब कोई कलाकार तेज चलता है तो म्यूजिक की गति भी तेज होती है। यह विचार वासुदेव भट्ट ने रखे। वे जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन में थिएटर विशेषज्ञों के अनुभवों के बीच थे। नाट्यकला और संगीत में अंतर्संबंध विषय पर तमाशा शैली के प्रवर्तक वासुदेव भट्ट, वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव आचार्य, डॉ. अल्का राव और नरेन्द्र अरोड़ा ने कई रोचक जानकारी शेयर की।



### विभिन्न शैलियों पर डाला प्रकाश

भट्ट ने विभिन्न नाट्य शैलियों पारसी, तमाशा और संस्कृत नाट्य में संगीत के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उदाहरण स्वरूप उन्होंने बताया कि संस्कृत नाट्य शैली में नांदी यानी मंगलाचरण से शुरुआत होती है, जिसमें संगीतमय तरीके से ईश्वर से नाटक के सफल आयोजन की कामना की जाती है। समापन के समय भरत वाक्य से ईश्वर का धन्यवाद करने के साथ ही दर्शकों के लिए मंगलकामना की जाती है।



### नाटक को कहा जाता है 5वां वेद

राजीव आचार्य ने कहा कि नाटक को 5वां वेद कहा जाता है। इसकी रचना के समय ऋगवेद से पाठ्य, सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्वेद से रस समाहित किए। उन्होंने बताया कि नाट्य शास्त्र में अवसर के अनुसार रागों, मुद्राओं का जिक्र है। अवस्था की अनुकृति ही नाटक है। जीवन में पग-पग पर संगीत है, इसलिए नाटक और संगीत को अलग नहीं किया जा सकता है। प्रोग्राम में डॉ. अल्का राव ने थिएटर से जुड़े अनुभव साझा किए। नरेन्द्र अरोड़ा ने सत्र का मॉडरेशन किया।





### नफरत फैलाने वाले प्रचारकों का रिकॉर्ड जुटाने का काम शुरू

# कट्टरपंथियों की नकेल कसेगा ब्रिटेन




एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन की सरकार उन प्रचारकों पर पाबंदी लगाने की तैयारी कर रही है, जो धार्मिक उपदेश देने के नाम पर नफरत फैलाते हैं। रविवार को यूके मीडिया में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इसको लेकर सरकार योजना बना रही है। सरकार की ओर से तैयार की जा रही इस योजना में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों के उग्र इस्लामी विचारों वाले प्रचारकों को ब्रिटेन में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा, जो अपने बयानों के जरिए नफरत फैलाते हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट के मंच से दिए गए हालिया भाषण के बाद ये रिपोर्ट सामने आई है। इस भाषण में उन्होंने चेतावनी दी थी कि देश के लोकतांत्रिक और बहुआस्था वाले मूल्य चरमपंथियों की वजह से खतरे में पड़ रहे हैं। ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ के मुताबिक सुनक सरकार कट्टरपंथी गतिविधियों में चौंकाने वाली वृद्धि से चिंतित है। सरकार ने अधिकारियों को विदेशों से आने वाले सबसे खतरनाक कट्टरपंथियों की पहचान करने के लिए नियुक्त किया जा रहा है। नई योजनाओं में इस सूची में शामिल लोगों को यूके में प्रवेश से मना कर दिया जाएगा।

### लोकतंत्र विरोधी समूहों पर होगी सख्ती

'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के अनुसार, राजनीतिक हिंसा और व्यवधान पर सरकार के स्वतंत्र सलाहकार लॉर्ड वाल्नी की एक आधिकारिक समीक्षा में मंत्रियों से इस्लामी कट्टरपंथियों के साथ गठबंधन करने वाले समूहों की वजह से बढ़ते खतरे से निपटने का आह्वान किया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्लामी कट्टरपंथियों और धुर दक्षिणपंथियों के साथ-साथ लोकतंत्र विरोधी धुर वामपंथी समूहों के खतरे को देखना और समझना भी जरूरी है।

### नफरत फैलाने वालों से छीनेंगे रहने का अधिकार

सुनक ने शुक्रवार को अपने भाषण में कहा था कि हम उन लोगों को इस देश में प्रवेश करने से रोकने के लिए काम करेंगे, जिनका उद्देश्य हमारे मूल्यों को कमजोर करना है। नफरत फैलाने वालों से रहने का अधिकारी छीना जाएगा।

### विरोधी अचकजई को हराया

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने आसिफ अली जरदारी

एजेंसी | इस्लामाबाद



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के लिए शनिवार को ही मतदान हुआ था, जिसके बाद काउंटिंग की गई। वोटों की गिनती के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता आसिफ अली जरदारी को 411 वोटों के साथ विजेता घोषित किया गया है। उनके प्रतिद्वंद्वी महमूद अचकजई 181 वोट ही पा सके। नए राष्ट्रपति आसिफ जरदारी मौजूदा प्रेसीडेंट डॉ. आरिफ अल्वी की जगह लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। आसिफ अली जरदारी करीब 11 साल बाद फिर से पाकिस्तान के शीर्ष संवैधानिक पद पर पहुंचे हैं। आसिफ जरदारी सितंबर 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रह चुके हैं। अब दूसरी बार वह पाकिस्तान के प्रेसीडेंट बने हैं। आसिफ जरदारी को नेशनल असेंबली में कुल 255 वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर रहे महमूद अचकजई को 119 मत मिले। नेशनल असेंबली और चारों प्रान्तों में आसिफ जरदारी को कुल 411 चुनावी वोट मिले। उन्होंने धांधली का आरोप लगाते हुए कोर्ट से दखल की अपील की लेकिन अदालत ने इनकार कर दिया।

### पाकिस्तान के बड़े सियासी परिवार से आते हैं जरदारी

आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के बेहद प्रतिष्ठित सियासी खानदान से ताल्लुक रखते हैं। वह पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति और जुल्फिकार भुट्टो के दामाद हैं। भुट्टो भी 70 के दशक में पाकिस्तान के राष्ट्रपति और पीएम रहे थे। जरदारी के बेटे बिलावल भुट्टो भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री रह चुके हैं और इस समय भी उनकी पार्टी पीपीपी सरकार में साझीदार है।

### तुर्किये के प्रेसिडेंट बोले- मार्च में होने वाला चुनाव अंतिम चुनाव होगा

# राष्ट्रपति एर्दोगन लेंगे राजनीति से रिटायरमेंट

एजेंसी | अंकारा (तुर्किए)

तुर्किये राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन अपने राजनीतिक सफर पर विराम लगाने जा रहे हैं। दरअसल, उन्होंने शुक्रवार को इस बात के संकेत दिए हैं कि यह उनका आखिरी स्थानीय चुनाव होगा। एर्दोगन ने कहा कि देश में मार्च में होने वाला स्थानीय चुनाव उनका आखिरी चुनाव होगा।

### मेयर से राष्ट्रपति तक का रहा सफर

एर्दोगन 1994 से 1998 तक इस्तांबुल के मेयर रहे। इसके बाद 2003 में उन्हें प्रधानमंत्री चुना गया था। उस वक्त तुर्किये की राजनीति में प्रधानमंत्री ही प्रमुख व्यक्ति होता था। हालांकि, तीन बार पीएम रहने के बाद एर्दोगन को 2014 में राष्ट्रपति चुना गया। दरअसल तुर्की में 2017 में एक संवैधानिक परिवर्तन हुआ था। इसने तुर्की को संसदीय प्रणाली से राष्ट्रपति शासन प्रणाली में बदल दिया। इसने प्रधानमंत्री का पद समाप्त कर दिया था।

मालूम हो कि आधुनिक तुर्की के सबसे सफल राजनेता एर्दोगन ने दो दशकों से अधिक समय तक देश का नेतृत्व किया है। 2002 के बाद से एक दर्जन से अधिक चुनावों के विजेता, एर्दोगन को मई 2023 में बेहद कड़े मुकाबले के दौरान पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया। एर्दोगन ने कहा कि यह मेरे लिए अंतिम है, कानून द्वारा दिए गए जनादेश के तहत यह मेरा आखिरी चुनाव है। परिणाम मेरे भाई-बहनों को विरासत का हस्तांतरण होगा।

### रनवे से फिसला बोइंग विमान

**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन के टेक्सास में शुक्रवार को जॉर्ज बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद यूनाइटेड बोइंग 737 मैक्स रनवे से फिसल गया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और एफएए इसकी जांच करेंगे। डेनवर से 160 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर जा रहा बोइंग 737 मैक्स 8 जॉर्ज बुश इंटरकांटिनेंटल हवाई अड्डे पर फुटपाथ से फिसल गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### UN की सूडान के गुटों से अपील

# रमजान महीने में रोकें संघर्ष

एजेंसी | न्यूयॉर्क



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संघर्षरत गुटों से मुस्लिम सुमदाय के पवित्र माह रमजान के दौरान संघर्ष तत्काल रोकने की अपील की है ताकि दो करोड़ से अधिक लोगों तक खाद्य सामग्री तथा अन्य मदद पहुंचाई जा सके। रमजान का महीना सोमवार से शुरू होने की उम्मीद है। संघर्ष रोकने के संबंध में एक प्रस्ताव ब्रिटेन ने सुरक्षा परिषद में पेश किया जिसमें 15 सदस्यीय परिषद में से 14 देशों ने समर्थन में मत डाला। रूस इस दौरान मौजूद नहीं था। गौरतलब है कि सूडान में काफी समय से से अराजकता का माहौल है। जनरल अब्देल फतह बुरहान नीत सेना और मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच लंबे समय से जारी तनाव संघर्ष में तब्दील हो गया है। राजधानी खार्तूम की सड़कों से शुरू हुआ यह संघर्ष देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गया है। इसमें अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

### अब तक पांच लोगों की मौत

# यूरोप में 'पैरट फीवर' की दहशत

एजेंसी | जिनेवा



यूरोप के पांच देशों में पैरट फीवर ने दहशत फैला दी है। इस फीवर की चपेट में आने से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि पक्षियों को प्रभावित करने वाली यह बीमारी अब इंसानों को चपेट में ले रही है। WHO ने एक बयान में कहा है कि 2023 के दौरान और 2024 की शुरुआत में, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड में पैरेट फीवर के मामलों में असामान्य और अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। मार्च की शुरुआत तक कुल मिलाकर इस बीमारी ने लगभग 90 लोगों को प्रभावित किया है। पांच लोगों की मौत हुई है।

### कैसे फैलता है पैरट फीवर

पैरट फीवर को सिटाकोसिस भी कहा जाता है। यह क्लैमाइडिया सिटासी (क्लैमाइडोफिला सिटासी) नाम के बैक्टीरिया की एक प्रजाति के कारण होता है। यह बैक्टीरिया कई स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है, जिनमें कुत्ते, बिल्ली और घोड़े भी शामिल हैं। लेकिन, यह अधिकतर पक्षियों को संक्रमित करता है। मनुष्य क्लैमाइडोफिला सिटासी बैक्टीरिया से भरे वायुजनित कणों को सांस के माध्यम से ग्रहण करके सिटाकोसिस से संक्रमित हो सकते हैं।

### लक्षण सामान्य फ्लू जैसे

ज्यादातर लोग संक्रमित पक्षियों, विशेषकर तोते, फिंच या कैनरी जैसे पालतू जानवरों की सांस, मल या पंखों की धूल से निकलने वाले कणों को सांस के माध्यम से ग्रहण करके सिटाकोसिस विकसित करते हैं। इस प्रकार यह बीमारी उन लोगों में अधिक आम है जो पक्षियों के निकट संपर्क में आते हैं - जैसे मुर्गीपालन कर्मचारी, पशुचिकित्सक और पालतू-पक्षी मालिक। इसके लक्षण लक्षण फ्लू जैसे होते हैं- जैसे बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और सूखी खांसी। आमतौर पर किसी व्यक्ति के बैक्टीरिया के संपर्क में आने के पांच से 14 दिनों के भीतर लक्षण दिखाई देते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl